चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 121, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 30 मई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

मोदी सरकार ने आतंकवाद-नक्सलवाद पर कसा शिकंजा, सोशल मीडिया के जरिए दुनिया में पहुंचाएं बदलते भारत की तस्वीरः आदित्यनाथ

भारत की सीमाएं सुरक्षितः सीएम योगी

लखनऊ। मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर सीएम योगी ने सोमवार को लखनऊ के ताज होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा- अटल बिहारी बाजपेई ने कहा था कि हम सब बदल सकते हैं, लेकिन पड़ोसी नहीं बदल सकते। आज भारत की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। आंतरिक सुरक्षा मजबूत हुई है। अलगाववाद, आतंकवाद, नक्सलवाद के खिलाफ हम मजबूत हुए हैं। आज कोई भारत की ओर टेढ़ी नजर से देख नहीं सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा, पिछले 9 साल का कालखंड नए भारत को दशार्ता है। पापुआ न्यूगिनी ने हमने देखा...वहां के प्रधानमंत्री ने प्रोटोकॉल तोड़ एक सम्प्रभु राष्ट्र का स्वागत किया और सर्वोच्च सम्मान दिया। ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका के राष्ट्र प्रमुखों द्वारा प्रधानमंत्री के सम्मान से 140 करोड़ देशवासियों का सम्मान बढ़ा है। आज भारत के प्रति दुनिया में प्रश्न नहीं, कौतूहल है... जिज्ञासा है। आज भारत के योग के साथ दुनिया के 190 देश जुड़कर सम्मान दे रहे हैं।' मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित सोशल मीडिया संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स से कहा कि आप सभी पिछले 9 वर्षों में बदलते भारत की तस्वीर को सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने के साथ देश दुनिया में वायरल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा और विरासत का सम्मान हो रहा है। इसमें सोशल मीडिया की भी अहम भूमिका रही है।

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री ने कहा कि करीब 20 साल पहले प्रिंट मीडिया का बोलबाला था। फिर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया आया। उस समय इसकी संख्या बहुत कम थी, फिर धीरे-धीरे इसकी संख्या में बढ़ोतरी हुई। वहीं पिछले सात आठ वर्षों में सोशल मीडिया और डिजिटल मीडिया का तेजी से प्रचार-प्रसार हुआ। पहले जहां लोग सुबह न्यूज पेपर पढ़कर देश-विदेश की गतिविधियों से रूबरू होते थे, वहीं सोशल मीडिया के माध्यम से अब देश-दुनिया की पल-पल की खबर लोगों तक पहुंच रही है। इसे स्मार्ट फोन ने और आसान बना दिया है, लेकिन इसका गलत इस्तेमाल भी किया जा रहा है। इसके लिए अपनी विश्वसनीयता को बनाए रखना सबसे अहम है।

'सोशल मीडिया पर पोस्ट से पहले एनालिसिस जरूरी'

आदित्यनाथ ने कहा कि प्रिंट मीडिया का सीमित दायरा होता है, लेकिन सोशल मीडिया का कोई दायरा नहीं होता है। ऐसे में सोशल मीडिया पर पोस्ट से पहले एनालिसिस जरूरी है। आज दुनिया भारत के सामर्थ्य को देखने आ रही है, जिसे हमें सोशल मीडिया के माध्यम से वैश्विक स्तर पर पहुंचाना होगा। इसके लिए हमें एनालिसिस करना होगा ताकि हम जो दुनिया को दिखा रहे हैं उसकी विश्वसनीयता और प्रमाणिकता बनी रहे ताकि दुनिया को पता चले डबल इंजन की सरकार तुष्टीकरण नहीं सशक्तीकरण के लिए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक मंच पर बढ़ती भारत की प्रतिष्ठा, देश के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, गरीब कल्याणकारी योजनाओं समेत महिला सशक्तीकरण के लिए उठाए गए बेहतर कदमों को सोशल मीडिया के माध्यम से हाईलाइट कर सकते हैं। इससे हम देश दुनिया से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ सकते हैं। उन्हें सही तथ्यों से अवगत करा सकते हैं क्योंकि हम उन्हें जो मैटेरियल देंगे तो उसे ही लोग स्वीकार करेंगे इसलिए उसकी प्रमाणिकता जरूरी है ताकि अगर वह कहीं से उस तथ्यों को क्रॉस चेक करें तो उन्हें सही जानकारी मिले। इससे आपकी विश्वसनीयता भी बढ़ेगी। योगी ने कहा कि प्रदेश में 6 वर्षों में 54 लाख गरीबों को आवास दिये गये। उनके आधे-आधे मिनट के वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल करें ताकि दुनिया को पता चल सके एक योजना आर्थिक स्वावलंबन का कैसे आधार बनी। यह महज एक उदाहरण है।

विप उपचुनावः सपा के दोनों एमएलसी उम्मीदवार हारे

लखनऊः उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) की दो सीटों पर उपचुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) के उम्मीदवारों को करारी हार का सामना करना पड़ा है। इस हार से अखिलेश यादव को एक और हार के साथ ही उनके विपक्षी दलों को लोकसभा चुनाव में एकजुट करने के मंसूबों को भी झटका लगा है। दरअसल समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एमएलसी चुनाव में संख्या बल (विधायक) न होने के बावजूद रामजतन राजभर और लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष रामकरन निर्मल को उम्मीदवार बनाया था। एमएलसी चुनाव में दोनों उम्मीदवारों के मैदान में उतारे जाने पर सियासी जानकारों ने पहले ही जता दिया था।

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला: ईसीआईआर को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई आज

नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में आरोपित पिंकी सिंह और निरंजन दास के खिलाफ ईडी की ओर से दर्ज एनफोर्समेंट केस इंफॉर्मेशन रिपोर्ट (ईसीआईआर) को चुनौती देने वाली याचिका पर कल यानी 30 मई को सुनवाई करेगा। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अवकाशकालीन बेंच ने ये आदेश दिया। कोर्ट ने 25 मई को ईडी को नोटिस जारी किया था। आरोपितों की ओर से वकील सिद्धार्थ दवे ने आरोपित।

इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण का सबसे बड़ा लाभार्थी पूर्वोत्तर भारत है : मोदी

प्रधानमंत्री ने असम की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना किया

नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि वर्तमान सरकार में इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण के काम का सबसे अधिक लाभ पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत को मिला है। इंफ्रास्ट्रक्चर रोजगार के अवसर और तेज विकास का आधार है। इससे गरीब, दलित, पिछड़ा, आदिवासी और हर वंचित सशक्त बनता है। इंफ्रास्ट्रक्चर बिना भेदभाव के सबके लिए है। ऐसे में इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण एक तरह से सच्चा सामाजिक न्याय है। सच्चा सेकुलरिज्म है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने पूर्वोत्तर को विकास से दूर रखा, जिस अक्षम्य अपराध का बहुत बड़ा नुकसान पूर्वोत्तर क्षेत्र को उठाना पड़ा।

गुवाहाटी को न्यू जलपाईगुड़ी से जोड़ने वाली यह ट्रेन यात्रा-अवधि में लगभग एक घंटे की बचत करेगी। वंदे भारत 5 घंटे 30 मिनट में इस यात्रा को पूरा करेगी। जबकि वर्तमान इन दो स्थानों को जोड़ने वाली अन्य सबसे तेज गति वाली ट्रेन 6 घंटे 30 मिनट का समय लेती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिजली, पानी, टेलीफोन, मोबाइल और रेल सुविधाओं से वंचित भारत के सबसे ज्यादा क्षेत्र पूर्वोत्तर में थे। उनकी सरकार ने सेवा के भाव से काम किया।

एमपी विधान सभा चुनाव पर कांग्रेस का मंथन

नई दिल्लीः कांग्रेस अध्यक्ष अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में सोमवार को मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक हुई। बैठक के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पार्टी कर्नाटक जैसी ही रणनीति मध्यप्रदेश में भी अपनाएगी। उन्होंने दावा किया कि पार्टी दिसंबर में होने वाले चुनावों में 150 सीटें जीतेगी। मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई बैठक में राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह सहित केन्द्रीय नेतृत्व और राज्य के नेताओं ने भाग लिया। इस बैठक के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि हमारा आंतरिक आंकलन था कि हमें कर्नाटक में 136 सीटें मिलेंगी। इसी तरह हमें मध्य प्रदेश में 150 सीटें मिलने की आशा है। उन्होंने कहा कि जो कर्नाटक में किया उसे मध्यप्रदेश में दोहराया जाएगा। वहीं मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री चेहरे कौन होगा इस सवाल पर राहुल गांधी ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। वहीं पार्टी नेता कमलनाथ ने कहा कि अभी बेहद महत्वपूर्ण बैठक हुई।

आरोपी गिरफ्तारः बॉडी पर चाकू के 16 जख्म मिले, पत्थर पटकने से सिर फटा

दिल्ली में नाबालिग लड़की की सड़क पर हत्या

नई दिल्लीः राजधानी दिल्ली में निर्मम हत्या का मामला सामने आया है। बाहरी उत्तरी जिले के शाहबाद डेरी इलाके में 16 वर्षीय लड़की पर एक शख्स (साहिल) ने चाकू से 40 से अधिक वार कर उसकी हत्या कर दी। वह यहीं नहीं रुका, बल्कि पत्थर से उसके ऊपर कई प्रहार किये। इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है, जो विचलित करने वाला है।

वीडियो में पूरी घटना दिखाई दे रही है। जब शख्स घटना को अंजाम दे रहा था, तब आसपास से कई लोग गुजर रहे थे, लेकिन लड़की की चीख-पुकार सुनकर भी किसी ने उसे बचाने का प्रयास नहीं किया। पूरा वीडियो 1.26 मिनट का है। हत्या का आरोप साहिल पर लगा है। पुलिस के मुताबिक साहिल और लड़की के बीच दोस्ती थी, लेकिन रविवार रात दोनों के बीच झगड़ा हो गया था। आगे पुलिस ने सोमवार को बताया कि रविवार शाम लड़की जब अपनी दोस्त नीतू के बेटे के जन्मदिन पार्टी में जा रही थी, तभी साहिल ने उसे रोककर चाकू से हमला कर किया और करीब 40 वार किये। फिर पत्थर से कुचल दिया। फिलहाल आरोपित

साहिल फरार है। पुलिस टीम उसकी तलाश में दबिश दे रही है। हैरानी की बात यह है कि साहिल उस लड़की पर चाकुओं से लगातार हमला करता रहा, लेकिन आसपास से गुजर रहे लोगों ने चुपचाप बचकर निकलते दिखाई दे रहे हैं। यह वीडियो कानून-व्यवस्था के साथ-साथ नये बन रहे समाज पर गहरे सवाल उठाता है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि आरोपित साहिल का लड़की के साथ झगड़ा हुआ था। इसे लेकर साहिल नाराज था। उसने लड़की को मारने की भी धमकी दी थी। रविवार की रात जब वह अपनी दोस्त के यहां जन्मदिन पार्टी में जा रही थी।

केंद्रीय बैंक के फैसले पर संदेह नहीं करना चाहिएः वित्त मंत्री

मुंबई/नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को दो हजार रुपये के नोट वापस लेने के मामले में वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम के बयान की आलोचना की। सीतारमण ने कहा कि इस तरह के मामलों में पूर्व वित्त मंत्री द्वारा दोषारोपण करना अच्छा नहीं लगता। निर्मला सीतारमण सोमवार को नरेन्द्र मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर मुंबई में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में संवाददाताओं से बात कर रही थीं। चिदंबरम की टिप्पणियों के बारे में उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मामलों में मुद्रा, केंद्रीय बैंक के फैसले पर संदेह करना पूर्व वित्त मंत्री के लिए अच्छा नहीं है, जो इस मंत्रालय में 10 साल रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हम सभी के लिए यह बेहतर होगा कि हम स्थिति को समझें और उचित टिप्पणी करें और राय देते समय हल्की बात न करें। दरअसल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने एक दिन पहले कहा था ।

अध्यादेश मामले पर आप को कांग्रेस का साथ मिलना मुश्किल

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी आम आदमी पार्टी के केन्द्र के अध्यादेश के मसले पर उसका साथ शायद नहीं देगी। पार्टी की पंजाब और दिल्ली इकाई ने पार्टी हाईकमान को ऐसा नहीं करने का सुझाव दिया है। इस संबंध में पंजाब और दिल्ली इकाई की राय जानने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वहां के नेताओं को बुलाया था। सूत्रों के मुताबिक आज बैठक में दोनों इकाइयों के नेताओं ने विरोध में अपनी राय रखी है। इनका कहना है कि आप भाजपा की बी टीम है और पार्टी ने कांग्रेस के हितों को हर जगह प्रभावित किया है। हालांकि अंतिम निर्णय से पहले खड़गे अन्य राज्यों के पार्टी नेताओं से भी विमर्श करना चाहते हैं।

बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि आज हमने इस पर दिल्ली और पंजाब के नेतृत्व के साथ चर्चा की। उन्होंने अपनी चिंताओं और विचारों को रखा है और निश्चित रूप से हम आने वाले दिनों में अंतिम निर्णय लेंगे। पार्टी नेता मल्लिकार्जुन खड़गे से आप संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मिलने का समय मांगा था। मुख्यमंत्री केजरीवाल वर्तमान में केन्द्र के नियुक्ति और स्थानांतरण विषय पर दिल्ली के उपराज्यपाल को अंतिम अधिकार देने के अध्यादेश के खिलाफ मुहिम चला रहे हैं। इसके लिए वे देशभर के नेताओं से मिल रहे हैं और उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष व पार्टी नेता राहुल गांधी से भी मुलाकात का समय मांगा है। केजरीवाल चाहते हैं कि केन्द्र का लाया अध्यादेश राज्यसभा से पारित न हो। पंजाब के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा और नवजोत सिंह सिद्धू भी बैठक में शामिल थे। इनका कहना है कि पार्टी नेतृत्व ने हमारी राय जानने के लिए हमें आमंत्रित किया था। हमने अपनी राय रख दी है। सिद्धू ने बैठक के बाद कहा कि जहां वैचारिक मतभेद हैं, वहां गठबंधन नहीं हो सकता। दिल्ली में कांग्रेस नेता अजय माकन खुलकर केजरीवाल का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि कांग्रेस को केजरीवाल का समर्थन नहीं करना चाहिए।

सीबीआई ने ब्रिटिश कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया

नई दिल्लीः सीबीआई ने 24 हॉक विमान की खरीद में सरकार के साथ 'धोखाधड़ी' करने के आरोप में ब्रिटिश कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ब्रिटिश एयरोस्पेस कंपनी रोल्स रॉयस इंडिया के निदेशक टिम जोन्स समेत अन्य कई लोगों का नाम एफआईआर में आया है। सीबीआई का कहना है कि रोल्स रॉयस ने कथित तौर पर भारतीय बिचौलियों को लाइसेंस शुल्क बढ़ाने और फिर कंपनी के कर मामलों की जांच रोकने के लिए 1 मिलियन पाउंड की रिश्वत दी। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रोल्स रॉयस से हॉक विमान की खरीद के मामले में कथित रूप से भारत सरकार को धोखा ।

पीठ नहीं दिखाएंगे, सीने पे खाएंगे गोलीः बजरंग पूनिया

नई दिल्लीः दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने वाले पहलवानों में शामिल रहे बजरंग पूनिया ने एक पूर्व आईपीएस के ट्वीट को रि-ट्वीट कर भावुकता पूर्ण बातें लिखीं और कहा कि हमें गोली मारने की बात हो रही है। कसम है पीठ नहीं दिखाएंगे, सीने पे खाएंगे तेरी गोली। दरअसल, जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को केंद्र में रखकर पूर्व आईपीएस अधिकारी डॉ. एनसी अस्थाना ने ट्वीट कर इन्हें गोली मारने की बात कही तो उनका ट्वीट वायरल हो गया। उसपर तेजी से प्रतिक्रियाएं आने लगीं। इसी क्रम में पहलवान बजरंग पूनिया ने भी ट्वीट किया। उक्त ट्वीट को रि-ट्वीट कर बजरंग पूनिया ने कहा कि एक आईपीएस ऑफिसर हमें गोली मारने की बात कर रहा है। भाई सामने खड़े हैं, बताएं कहां आना है गोली खाने? कसम है पीठ नहीं दिखाएंगे, सीने पे खाएंगे तेरी गोली। यही रह गया है अब हमारे साथ करना तो यो भी सही। उल्लेखनीय है कि रविवार को संसद भवन की ओर जाने से रोके जाने पर पहलवान बजरंग पूनिया ने कहा था।

कि हमें गोली मार दो। इसके जवाब में पूर्व आईपीएस के ट्वविटर हैंडल से पहलवानों को गोली मारने की बात कहते हुए उनसे पोस्टमार्टम टेबल पर फिर मिलने की बात कही गई।

इसके बाद विवाद गर्म होता गया। फिलहाल हिरासत में लिए गए पहलवान विनेश फोगाट, संगीता फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया को छोड़ दिया गया है। साथ ही साक्षी मलिक ने कहा है कि पुलिस की गिरफ्त से निकलकर वे फिर से जंतर-मंतर पर बैठेंगी और न्याय की मांग तेज करेंगी।

दुनिया का 5वां सबसे बड़ा इक्विटी मार्केट बना भारत

- 3.31 लाख करोड़ डॉलर का हुआ भारतीय पूंजी बाजार

नई दिल्लीः पिछले करीब 2 महीने से लगातार जारी तेजी के कारण भारतीय पूंजी बाजार एक बार फिर दुनिया का 5वां सबसे बड़ा पूंजी बाजार बन गया है। भारतीय पूंजी बाजार का मार्केट कैप बढ़कर 3.31 ट्रिलियन डॉलर यानी 3.31 लाख करोड़ डॉलर हो गया है। इसके साथ ही घरेलू इक्विटी मार्केट ने फ्रांस के इक्विटी मार्केट को पीछे छोड़ कर टॉप 10 इक्विटी मार्केट में से 5वां स्थान हासिल कर लिया है। आपको बता दें कि इस साल की शुरूआत में भारतीय पूंजी बाजार फ्रांस से पिछड़ कर छठे स्थान पर पहुंच गया था। लेकिन पिछले कुछ समय से लगातार जारी तेजी के माहौल की वजह से घरेलू इक्विटी मार्केट ने एक बार फिर अपनी ग्लोबल रैंकिंग में सुधार कर लिया है। फ्रांस का इक्विटी मार्केट फिलहाल 3.24 ट्रिलियन डॉलर यानी 3.24 लाख करोड़ डॉलर का है, जिसकी वजह से वह भारत से पिछड़ कर एक बार फिर छठे स्थान पर आ गया है। इक्विटी मार्केट के मार्केट कैप के लिहाज से टॉप 10 में शुमार देशों में फिलहाल अमेरिकी इक्विटी मार्केट 44.54 ट्रिलियन डॉलर के साथ पहले स्थान पर है। दूसरे स्थान पर 10.26 ट्रिलियन डॉलर के साथ चीन का इक्विटी मार्केट है। जबकि 5.68 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ जापान का इक्विटी मार्केट तीसरे स्थान पर और 5.14 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप हांगकांग का इक्विटी मार्केट चौथे स्थान पर है। स्टॉक एक्सचेंज से मिले आंकड़ों के मुताबिक भारतीय पूंजी बाजार में 28 मार्च के बाद से लगातार जोश का माहौल बना रहा है।

यमुना में नहाते समय डूबी दो चचेरी बहने,भाई को ग्रामीणों ने बचाया

क्षेत्र के नौढिया तरहार यमुना घाट पर सोमवार को स्नान करने गई दो चचेरी बहने नहाते नहाते तेज धारा में चली गई

अखंड भारत संदेश

लालापुर। क्षेत्र के नौढिया तरहार यमुना घाट पर सोमवार को स्नान करने गई दो चचेरी बहने नहाते नहाते तेज धारा में चली गई और डूबने लगी वहां मौजूद भाई कृष्णा जोर जोर से चिल्लाने लगा शोर सुनकर आस पास स्नान कर रहे लोग पहुंच गए तो छोटा भाई भी यमुना में कूद पड़ा गांव के ही मौजी द्विवेदी ने उसे बचाया।परन्तु दोनों बहने यमुना में समा गयी।सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ ग्रामीणों व परिजनों की भीड़ ने काफी देर मशक्कत किया और एक किशोरी का शव बाहर निकाला गया दूसरी किशोरी का शव दो घण्टे बाद बाहर निकाला जा सका । तब तक दोनो की मौत हो चुकी थी । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की । लालापुर थाना क्षेत्र के नौढिया गांव निवासी अंबरीश उर्फ दीप द्विवेदी की पुत्री जागृति 16 व पप्पू द्विवेदी की पुत्री परी 16 एक छोटे भाई के साथ सोमवार के दिन गांव के घाट पर यमुना स्नान करने के लिए गई थी । नहाते नहाते दोनो तेज धारा में चली गई और गहराई में जाकर डूबने लगी । दोनो को डूबते देख साथ गया भाई घाट की ओर दौड़ा और डूबने की सूचना दी । जब तक लोग यमुना में कूद दोनो को बचा पाते तब तक दोनो डूब चुकी थी । काफी देर के बाद दोनो को पानी से बाहर निकाला गया तो दोनो का दम निकल चुका था । घर सूचना पहुंची तो रोते विलखते परिजन घाट पर पहुंचे । इस बीच परिजनों का रोरोकर बुरा हाल हो रहा था। दोनो बच्चियां आपस मे चचेरी बहन थी। उनके परिजन छत्तीसगढ़ के रायपुर जनपद में रहते हैं। गर्मी की छुट्टियों में घर आये थे।

अवैध कब्जा हटाने से पहले बसाने की मांग

नगर पंचायत शंकरगढ़ में गुडिया तालाब पर किए गए कब्जे का मामला, पूर्व प्रमुख घनश्याम कोटार्य ने जिलाधिकारी, एसडीएम से उठाई मांग

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़। विकास खंड जसरा के पूर्व प्रमुख घनश्याम कुमार कोटार्य ने जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री और उपजिलाधिकारी बारा को प्रार्थनापत्र देकर अवैध कब्जा हटाने से पहले रहने का ठिकाना देने की मांग की गई है। घनश्याम कुमार कोटार्य ने मांग की है कि सरकार द्वारा जमीन खाली करवाने के लिए तीन महीने का समय दिया जाए। जिलाधिकारी और एसडीएम बारा को प्रेषित प्रार्थनापत्र में घनश्याम कोटार्य ने बताया है कि नगर पंचायत शंकरगढ़ में स्थित गुड़िया तालाब पर अवैध कब्जा धारकों के खिलाफ कार्यवाही प्रस्तावित है। घनश्याम कोटार्य ने बताया कि गुड़िया तालाब पर निवास करने वाले लोग पीढ़ी दर पीढ़ी से वहीं आबाद हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अवैध कब्जा हटाने से पहले कब्जाधारकों के पुनर्वास का इंतजाम करने का निर्देश दिया है। घनश्याम कोटार्य ने कहा कि नगर पंचायत शंकरगढ़ में बने हुए कांशीराम आवास योजना में गुडिया तालाब से विस्थापित होने वाले लोगों को बसाया जाए। घनश्याम कोटार्य ने बताया है कि शंकरगढ़ के कांशीराम आवास योजना में बहुत से अवैध लोगों को कब्जा है। इसमें ज्यादातर लोग उत्तर प्रदेश के निवासी नहीं हैं। चूंकि, यह कस्बा मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित है, इसलिए उक्त योजना में तमाम बाहरी लोगों ने कब्जा जमा रखा है, इसकी जांच करवाकर वहां पर गुड़िया तालाब से विस्थापित होने वाले लोगों को बसाया जाए। बताते चलें कि गुड़िया तालाब पर किए गए कब्जे को हटाने के लिए 30 मई, 2023 को राजस्व व पुलिस विभाग की टीम मौके पर जाने के लिए तैयार है। घनश्याम कोटार्य ने कहा कि इसके संबंध में एक प्रतिनिधि मंडल शीघ्र ही जिलाधिकारी से मुलाकात करेगा। घनश्याम कोटार्य, नगर पंचायत शंकरगढ़ की नवनिर्वाचित चेयरमैन पार्वती कोटार्य के भाई हैं।

फांसी के फंदे से लटकता मिला महिला का शव, शरीर पर मिले चोट के निशान

कुछ दिन पहले ही परदेश से पति लौटा है घर, बेटियां भी गई हैं बुआ के घर

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़। नगर पंचायत शंकरगढ़ के वार्ड संख्या पांच (मोटियान टोला) की एक महिला का शव सोमवार को सुबह फांसी के फंदे से लटकता पाया गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर मौका मुआयना किया। प्राथमिक छानबीन में मृतका के गले व शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। घटना के समय पति भी बाहर था। दो बेटियां शादी में शामिल होने के लिए बुआ के घर गई हैं, जबकि एक बेटा इस समय पूना में है। फिलहाल, पुलिस ने शव को चीरघर भेजते हुए जांच शुरू कर दी है। मायकेपक्ष ने भी मामले को संदिग्ध करार दिया है। जानकारी के मुताबिक मोटियान टोला निवासी जुगुल किशोर पूना में रहकर नौकरी करता है। इन दिनों वह घर आया है। जबकि जुगुल किशोर का युवा बेटा पूना में ही है। उसे दो बेटियां हैं। मौजूदा समय में दोनों बेटियां बुआ के यहां वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए गई हैं। घर पर जुगुल किशोर के अलावा उसकी पत्नी मीना देवी (38) ही थी। सोमवार को सुबह जुगुल किशोर बाहर निकला था। बताया जाता है कि स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना देकर बताया कि जुगुल किशोर की पत्नी मीना देवी का शव फांसी के फंदे पर लटक रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर साड़ी के सहारे मीना देवी का शव लटक रहा था। पुलिस ने शव को नीचे उतारा और सीएचसी शंकरगढ़ पहुंचाया, जहां डाक्टर ने मीना देवीको मृत घोषित करदिया। इसके बाद पुलिस ने मृतका के मायकेपक्ष को सूचित करते हुए शव को चीरघर भेज दिया। दूसरी तरफ मीना देवी के मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए। मायकेवालों का आरोप है कि उनकी बेटी आत्महत्या जैसा कदम कभी नहीं उठा सकती। फिलहाल शंकरगढ़ थानाध्यक्ष मनोज कुमार का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव को चीरघर भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट हो जाएगी। इसके अलावा तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। मामले की जांच जारी है।

संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ का शव पेड़ की डाली में फंदे से लटकता मिला

करछना। थाना अंतर्गत पनासा पुलिस चौकी क्षेत्र में एक अधेड़ व्यक्ति की लाश गांव के बाहर पेड़ की डाल में फांसी के फंदे से लटकी मिली। रविवार शाम को ही अधेड़ का अपने बेटे के साथ झगड़ा एवम् मारपीट हुई थी। लाश की स्थिति को देखकर लोग हत्या की आशंका जता रहे है। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद शव को फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। जांच की जा रही है। करछना थाना क्षेत्र के पनासा चौकी अंतर्गत पिपरांव गांव में आज सुबह गांव के ही संगम लाल भारतीया (50) पुत्र स्वर्गीय रामकिशोर भारतीया मेहनत मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। उसकी पत्नी की कई वर्ष पहले मौत हो चुकी है। उसके चार लड़के हैं। चारो लड़के अपना खाते कमाते हैं। एक बेटा बाहर रहता है। छोटे बेटे के साथ संगम लाल भारतीय रहता था। परिवारवालों के मुताबिक रविवार की शाम को बड़े बेटे राम प्रसाद और संगम लाल दोनो दारू पी थी। दारु पीने के बाद दोनों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। नौबत हाथापाई की आ गई। घर परिवार के लोगों ने बीच-बचाव करके दोनों को शांत कराया। उसके बाद रात में करीब 11:00 से 11:30 बजे के बीच संगम लाल घर से निकल गया। 12 बजे के बाद दूसरे नंबर के बेटे ने पिता को बिस्तर पर नहीं देखा तो घर के अन्य सदस्यों को बताया।

कार से अनियंत्रित बाइक की टक्कर में पिता-पुत्र घायल

सहसों। प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग पर भोपतपुर गांव के सामने बीती रात चलती कार से अनियंत्रित बाइक की टक्कर हो गई। जिससे क्षेत्र के महरौड़ा गांव निवासी बाइक सवार पिता-पुत्र घायल हो गए। घायल पिता पुत्र को पीआरबी पुलिस ने सरकारी एंबुलेंस से उपचार हेतु एस आर एन प्रयागराज भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों क्षेत्र के महरौड़ा गांव निवासी लालचन्द्र पुत्र रामकृपाल अपने 15 वर्षीय पुत्र छोटू के साथ फूलपुर की तरफ से बाइक से एक बारात में शामिल होने के पश्चात रविवार को देर रात अपने घर वापस लौट रहे थे कि जैसे ही वह प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग पर स्थित थरवई थाना के भोपतपुर गांव के सामने पहुंचे थे कि उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर चलती कार में टकरा गई। जिसमें लालचन्द्र एवं उनका पुत्र छोटू गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें घायल पिता पुत्र का पैर टूट गया। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने तत्काल पीआरबी पुलिस को सूचना दी। पीआरबी पुलिस पहुंचकर परिजनों को सूचित करते हुए घायल पिता-पुत्र को सरकारी एंबुलेंस से एस आर एन प्रयागराज उपचार हेतु भेजकर भर्ती कराया।

जमीनी विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष कई जख्मी चार रेफर

अखंड भारत संदेश

मऊआइमा। मऊआइमा थाना के कहली झलियाही गांव में सरकारी भीठे पर एक पक्ष द्वारा कब्जा करने को लेकर दूसरे पक्ष ने तमाम अधिकारियों से शिकायत करता चला आ रहा है। जिससे लेकर दूसरा पक्ष खुन्नस खाए हुए था। सोमवार को जमीनी विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच धारदार हथियारों से एक दूसरे पर हमला कर दिए। जिससे दोनों ओर से चार गंभीर रूप से घायल हुए हैं । जिसमें दोनों पक्षों के एक एक की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने दोनो पक्षो की तहरीर पर क्रास मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा इलाके के कहली झलियाही गांव निवासी महेंद्र कुमार यादव पुत्र स्वर्गीय बिन्देश्वरी प्रसाद अपने विपक्षी पर सरकारी भीठे की जमीन पर कब्जा करके मकान बनाने की बराबर शिकायतीपत्र देता चला आ रहा है। बताते हैं कि जिससे दूसरा पक्ष खुन्नूस खाए हुए था। महेंद्र कुमार यादव का आरोप है कि वह चकबंदी एसोसी के आदेश पर अपनी भूमिधरी जमीन पर मकान बनवा रहा था। आरोप है कि तभी विपक्षी हाथों में धारदार हथियारों से लैस होकर हमला कर दिए। जिससे महेंद्र बेहोश हो गया जबकि उनके भतीजे पुष्पेंद्र प्रताप सिंह की हालत गंभीर बनी हुई है। जिसे डाक्टरों ने रेफर कर दिया है। महेन्द्र कुमार ने मऊआइमा थाने में सूरजदीन, विपिन कुमार,विनय कुमार,वीनीत कुमार विवेक कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। उधर दूसरे पक्ष का आरोप है कि वह मन्दिर बनवा रहा था तभी विपक्षी हमला बोल कर विवेक, विपिन को मार पीट कर जख्मी कर दिए। सूरजदीन ने मऊआइमा थाने में महेंद्र कुमार, राम प्रताप ,संदीप, प्रदीप के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।मऊआइमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा चार को रेफर कर दिया है।बताया गया कि पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह एंव विवेक कुमार की हालत नाजुक बनी हुई है।

मऊआइमा के कहली झलियाही में काफी दिनों से चल रहा है भीठे का विवाद

अमेठी समाचार

गाजे-बाजे के साथ निकाली गई भव्य कलश यात्रा

अखंड भारत संदेश

मुसाफिरखाना अमेठी। सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व गाजे-बाजे के साथ भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों भक्तगण शामिल हुए। विकास खण्ड मुसाफिरखाना के अंतर्गत पूरे समदरिया दुबे का पुरवा अढनपुर गांव के कृष्ण दत्त दुबे द्वारा 29 मई दिन सोमवार से सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।जिसमें श्रीधाम अयोध्या से आए कथावाचक पंडित श्री गरुणेश जी महराज द्वारा प्रतिदिन सांय 3 से 6 बजे तक कथा कार्यक्रम किया जाएगा।जहां सभी भक्तगण कथा श्रवण करने पहुचेंगे।वही कथा से पूर्व सोमवार को एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई जहां मुख्य यजमान केसरी कुमार दुबे व सुभद्रा दुबे सहित सैकडो भक्तगण पूरे समदरिया दुबे का पुरवा गांव से चलकर आदि गंगा गोमती के तट पर स्थित कोछित गांव के दण्डेश्वर धाम पहुंचे।इस दौरान सैकड़ों भक्तगण बैड बाजे की धुन पर नाचते व भक्ति गीत का गायन करते नजर आए।वहीं सैकडो महिलाएं मंगल कलश सिर पर धारण कर प्रभु का गुणगान करते हुए चल रही थी।यह कलश यात्रा अढनपुर ग्राम पंचायत के विभिन्न गांवों से होती हुई दण्डेश्वर धाम पहुंची जहां से जल ग्रहण कर पुनः कथा स्थल पर पहुंचकर समाप्त हो गई।वही आचार्य वेद नाथ पाठक ने कहा कि श्रीमद्भागवत के अनुसरण से भक्त का कल्याण होता है और जीवन में सुख व शांति का अनुभव होता है।श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने का अवसर बड़ा ही सौभाग्य से प्राप्त होता है।इस मौके पर अशोक दुबे,राजकुमार दुबे,सतीश दुबे, लकी दुबे,कार्तिक दुबे,अंजली,खुशी, शिवांशी,भूमि समेत तमाम भक्तगण शामिल रहे।

जंघई बाजार में जाम लगने से आवागमन बाधित

जंघई। मुख्य मार्ग जंघई हंडिया रोड एवं बाजार के अंदर गलियों में लगने वाले जाम के कारण आवागमन करने वालों के अलावा मुख्य बाजार में दुकानें संचालित करने वाले दुकानदारों की दुकानदारी भी प्रभावित हो रही है। जंघई बाईपास, स्टेट बैंक एवं बैंक आफ बड़ौदा, जंघई कालोनी आदि स्थानों पर सड़क पर अतिक्रमण के कारण, वाहनों को सड़क पर खड़ा करने के कारण रोज जाम लगता है।आम नागरिकों एवं बाजार में खरीददारी करने वाले ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शादी विवाह का मौसम होने के कारण लोगों की भीड़ बाजार में बढ़ जाती है।जंघई बाजार में पार्किंग न होने के कारण लोग सड़क पर बाइक चार पहिया वाहन खड़ा करके बाजार में खरीददारी करने चले जाते हैं। मुख्य बाजार काफी व्यस्त होने के साथ ही बेहद सकरा है जिससे छोटे-छोटे वाहन ही इस रास्ते से बड़ी मुश्किल में निकल पाते हैं। ऐसे में यदि कोई बड़ा वाहन इस रास्ते से निकल जाए तो जाम लगना तय होता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोपहर बाद जाम की परेशानी और बढ़ जाती है दरअसल स्थानीय ग्रामीण बाजार खरीददारी करने आते हैं एवं बसों, ट्रकों के अलावा ऑटो, मैजिक वाहन, स्कूल वाहन बड़ी संख्या में बाजार में प्रवेश करते हैं जो ज्यादातर मुख्य बाजार से निकलते हैं इस कारण मुख्य बाजार में जाम के हालात पैदा हो जाते हैं।पैदल चलने वाले, दो पहिया वाहन एवं साइकिल सवार कई बार गिर कर चुटहिल हो जाते हैं जाम लगने के कारण लोगों को परेशानी होती है।

न्यूज झरोखा

ट्रेन की चपेट में आने से नागपुर के युवक का पैर कटा

शंकरगढ़। मुंबई रेलखंड पर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक का पैर कट गया। यह हादसा सोमवार की शाम बेमरा रेलवे स्टेशन के पास हुआ। युवक नागपुर का रहने वाला है। गंभीरावस्था में उसे इलाज के लिए सीएचसी शंकरगढ़ ले जाया गया है। हादसे की सूचना पर मुकामी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। जानकारी के मुताबिक नागपुर (महाराष्ट्र) के शिवाजीनगर, महाल निवासी अरुण बलिराज कांबले (45) पुत्र बलिराज कांबले मुंबई रेलखंड पर किसी ट्रेन से सफर कर रहा था। नशे में होने के कारण यह उस ट्रेन से उतर गया और रेल की पटरियों के आसपास टहलने लगा। इसी दौरान उधर से धीमी रफ्तार से गुजर रही किसी गाड़ी पर चढ़ने की कोशिश में यह गिर पड़ा और पहिए की चपेट में आ गया। पहिए कीचपेट में आने से अरुण बलिराज कांबले का एक पैर कट गया है। हादसे की सूचना होने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुची और उसे सीएचसी शंकरगढ़ में एडमिट करवाया। एसओ शंकरगढ़ ने बताया कि घायल के घरवालों से संपर्क किया जा रहा है।

सत्संग और संतोष से बड़ा कोई धन नहीं : बृज बिहारी

जसरा। शिवपुरी कॉलोनी जसरा में त्रिपाठी बंधुओं द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा की मंगलमय बेला में वृन्दावन धाम से पधारे कथा व्यास श्री बृजबिहारी जी महाराज ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। महाराज श्री ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण के 108 विवाह हुए थे, आश्चर्य होता है कि इसके बावजूद भी भगवान श्री कृष्ण को योगिराज कृष्ण से संबोधित किया जाता है। भगवान द्वारकाधीश एवं सुदामा की मित्रता का भावुक वर्णन करते हुए बताया कि सुदामा जी के जीवन में जितनी बड़ी विपन्नता थी, सन्तोष रूपी धन उससे कहीं अधिक था। यही कारण था कि वह स्वेच्छा से श्रीकृष्ण से मिलने नहीं गए। भगवान के पास पहुंचने पर भी उन्होंने कुछ नहीं मांगा,तो भला संसार से क्या मांगेंगे? इसलिए मानव को कभी भी अपने आराध्य देव से कभी भी मांगना नहीं चाहिए। मानव जीवन में सन्तोष का बडा महत्व है। भगवान श्री कृष्ण ने सुदामा जी का आतिथ्य सत्कार करना यह साबित करता है कि जिसके जीवन में सन्तोष होता है, उसे त्रिलोकी भी नमन करते हैं। समाज को सबसे अधिक सत्संग की आवश्यकता है। सत्संग से जीव की दिशा और दशा दोनों में क्रान्ति आती है। इस अवसर पर रजोल पाण्डेय, कुलदीप द्विवेदी कुलभूषण मिश्र, रविन्द्र सिंह,नेत्र नारायण मिश्र,सतीश पाण्डेय, लल्लन गुरू,मयंक त्रिपाठी,अधिवक्ता गया प्रसाद त्रिपाठी, सुमंत भार्गव शिवप्रसाद शर्मा, बहादुर शर्मा, ज्ञानेन्द्र पाठक, शीलू महाराज, शैलेन्द्र त्रिपाठी, अखिल त्रिपाठी, राजुल पाण्डे,शोभित त्रिपाठी, सोमू त्रिपाठी, राजेश कुमार मिश्रा, प्रशान्त त्रिपाठी, अंश (बाबू) त्रिपाठी, प्रांजल त्रिपाठी, सहित सैकड़ों महिलाएं व पुरुष उपस्थित रहे।

प्रबंधक ने प्रधान प्रतिनिधि से मुलाकात कर की सामाजिक विषयों पर चर्चा

बाजार शुक्ल अमेठी। अपनी निस्वार्थ भावना एवं कुशल कार्यशैली से समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले एक मध्यम वर्गीय परिवार में जन्मे ग्राम पंचायत भटमऊ बाजार शुक्ल अमेठी निवासी समाजसेवी एवं कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि के प्रबंधक पी के तिवारी जो कि यथासंभव सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेल, शिक्षा, कृषि एवं चिकित्सा संबंधी सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान देते रहते हैं और प्रबुद्ध जनों से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त करते रहते हैं जिससे समाज उन्हें सम्मानित दृष्टि से देखता है वहीं उसी क्रम में आज विकासखण्ड बाजार शुक्ल अमेठी अन्तर्गत ग्राम पंचायत पारा पहुंचकर प्रधान प्रतिनिधि अखिलेश यादव से मुलाकात कर सामाजिक विषयों पर चर्चा की एवं संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि बतौर प्रबंधक श्री राधा कृष्ण प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की वहीं प्रधान प्रतिनिधि अखिलेश यादव ने कहा कि समाजसेवी पी के तिवारी की संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि द्वारा समाज में सराहनीय कार्य कराये जा रहे हैं जो कि समाज के प्रति गौरवपूर्ण है वहीं समाजसेवी पी के तिवारी ने कहा कि वह प्रबुद्ध जनों के सहयोग, मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन से भविष्य में और भी बेहतर से बेहतरीन करने की कोशिश करेंगे और समाज के प्रति समर्पित रहेंगे उक्त अवसर पर राजेश तिवारी, बसंत तिवारी एवं उपेन्द्र यादव भी उपस्थित रहे।

कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान के प्रबंधक ने यू पीएससी परीक्षा में सफल होने पर होनहार को किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

जगदीशपुर अमेठी। अपनी निस्वार्थ भावना एवं कुशल कार्यशैली से समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले एक मध्यम वर्गीय परिवार में जन्मे ग्राम पंचायत भटमऊ बाजार शुक्ल अमेठी निवासी समाजसेवी एवं कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि के प्रबंधक पी के तिवारी जो कि यथासंभव, सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेल, शिक्षा, कृषि एवं चिकित्सा संबंधी सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान देते रहते हैं और प्रबुद्ध जनों से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त करते रहते हैं जिससे समाज उन्हें सम्मानित दृष्टि से देखता है वहीं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, होनहारों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया करते हैं उसी क्रम में आज विकासखण्ड जगदीशपुर अन्तर्गत पूरे चोपई मिश्र कचनाव निवासी सुरेन्द्र नरायन त्रिपाठी के होनहार सुपुत्र अंकुर त्रिपाठी जिसने यू पी एस सी परीक्षा में 513वीं रैंक से सफलता प्राप्त कर परिवार, क्षेत्र, जिला एवं देश का नाम रोशन किया है जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और लोगों का बधाई देने का तांता लगा है वहीं समाजसेवी ने उनके निवास पर पहुंचकर अंकुर त्रिपाठी के सौभाग्यशाली पिता सुरेन्द्र नरायन त्रिपाठी को संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि बतौर प्रबंधक अंगवस्त्र सप्रेम भेंट कर आशीर्वाद लिया वहीं होनहार अंकुर त्रिपाठी को सम्मान पत्र एवं श्रीमद्भागवत गीता सप्रेम भेंट कर आशीर्वाद दिया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की उक्त अवसर पर एडवोकेट गुरु प्रसाद त्रिपाठी,डा प्रदीप तिवारी,डा प्रज्ञा बाजपेई,अजय त्रिपाठी, ओंकार त्रिपाठी, मुनीन्द्र मिश्रा, बृजेश मिश्रा,संजय त्रिपाठी,डा वर्मा, शाश्वत मिश्रा,जगदीश त्रिपाठी सहित काफी संख्या में लोग रहे।

सफलता प्राप्त करने के लिए कोई शार्टकट नहीं, कड़ी मेहनत एकमात्र विकल्प : अनुज कुमार सिंह

जसरा। शिक्षा व्यक्ति को सम्मान एवम सफलता के उच्च शिखर पर लें जाने का काम करती हैं। शिक्षा से विहीन व्यक्ति को अनेकों कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हैं।शिक्षा के माध्यम से ही विभिन्न पदों पर पदस्थ होने के लिए व्यक्ति को धैर्य, कड़ी मेहनत, सच्ची लगन और पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने प्रयासों को जारी रखना चाहिए ऐसा करने से एक दिन सफलता का रस अवश्य पीने को मिलेगा। उक्त बातें उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित 12वीं की परीक्षा में उत्तर प्रदेश में 05वीं एवम जनपद प्रयागराज में दूसरी रैंक प्राप्त करने वाले अनुज कुमार सिंह नें रविवार को जसरा क्षेत्र में आयोजित अपने सम्मान समारोह में व्यक्त किये।आगे उन्होंने यह भी कहा कि सफलता का कोई भी शार्टकट नहीं होता किसी भी क्षेत्र में सफल होने के लिए व्यक्ति को कड़ी से कड़ी मेहनत करनी चाहिए।गौरतलब हैं अभी हाल में ही उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' जी टापर्स अनुज कुमार सिंह के घर जाकर उन्हें सम्मानित करते हुए सफलता की शुभकामनायें प्रदान किये।जिलाधिकारी एवम जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज द्वारा भी उक्त छात्र को सम्मानित किया जा चुका हैं।छात्र अनुज कुमार सिंह अपनी सफलता का श्रेय अपने माता -पिता, बहन समेत विद्यालय के प्रधानाचार्य रामनारायण मिश्रा समेत गुरुजनों के साथ इष्टमित्रों एवम शुभचिंतकों को मानते हैं।छात्र अनुज कुमार सिंह की माँ श्रीमती रेखारानी जसरा स्थित राजकीय बालिका इंटर कालेज में सहायक अध्यापिका एवम पिता एवन सिंह सहायक अध्यापक कोहड़ार मेजा प्रयागराज में अपनी सेवाएं दें रहीं हैं।बहन छवि सिंह स्नातक की छात्रा हैं।

खबर संक्षेप

आयशा नूरी की सरेंडर अर्जी पर अगली सुनवाई 4 को

गुड्डू मुस्लिम को अपने घर में पनाह देने का आरोप, एससी/एसटी कोर्ट को केस ट्रांसफर

प्रयागराज। आयशा नूरी की सरेंडर अर्जी पर सोमवार को सीजेएम कोर्ट में सुनवाई हुई। इसके बाद कोर्ट ने 4 जून को सुनवाई के लिए तारीख दे दी है। साथ ही यह केस एससी/एसटी कोर्ट को ट्रांसफर किया जा रहा है। अब मामले की सुनवाई एससी/एसटी कोर्ट करेगा। दरअसल आएशा नूरी माफिया अतीक अहमद की बहन हैं। उस पर उमेश पाल मर्डर केस में शामिल शूटर गुड्?डू मुस्लिम को अपने मेरठ स्थित घर में पनाह देने का आरोप है। इस मामले में धूमनगंज थाना पुलिस सीजेएम कोर्ट में रिपोर्ट पेश कर चुकी है। उमेश पाल की 15 फरवरी 2023 को हुई हत्या में साजिशकर्ता के तौर पर आयशा नूरी का नाम भी सामने आया था। अतीक अहमद की बहन आयशा नूरी के घर के सीसीटीवी फुटेज में हत्या के दो दिन बाद गुड्डू मुस्लिम नजर आया था। उसके हाथ में एक बैग था। वह आयशा नूरी के पति से गले भी मिलते दिखाई दे रहा है। आयशा और उसके पति डॉ. अखलाक ने न सिर्फ उसे अपने घर में पनाह दी बल्कि आर्थिक रूप से उसकी सहायता भी की थी। इसी केस में अखलाक पहले ही गिरफ्तार हो चुका है और नैनी सेंट्रल जेल में बंद है। उसे स्वास्थ्य विभाग ने सस्पेंड भी कर दिया है। उमेश पाल मर्डर केस में पत्नी जया पाल की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में 9 नामजद लोगों में आयशा नूरी, असद का दोस्त अतिन, अतीक का बहनोई अखलाक और अतीक के सहयोगी कैश अहमद, राकेश कुमार, नियाज अहमद, मो साजर और अरशद कटरा का नाम शामिल है।

परेड में कारों की आमने-सामने भिडंत 11 घायल

संगम स्नान करने आये थे सभी, एसआरएन में कराया गया भर्ती 3 की हालत गंभीर

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। गंगा दशहरा पर सोमवार को घर से संगम स्नान करने के लिए आए दो परिवारों की कार प्रयागराज जनपद के परेड ग्राउंड में लाल सड़क पर आमने-सामने टकरा गई। जिसमें एक दर्जन से ज्यादा बड़े, बूढ़े, महिलाएं और बच्चे घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 3 एंबुलेंस की गाड़ियों से सभी को लाद फांद कर स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां 3 लोगों की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। दारागंज पुलिस के मुताबिक कौशांबी का रहने वाला परिवार इनोवा कार से संगम स्नान के बाद वापस लौट रहा था। जबकि कर्वी चित्रकूट के रहने वाले लोग टवेरा कार से संगम की ओर स्नान करने जा रहे थे। लाल सड़क पर ढाल के नीचे दोनों कारों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिनमें कौशांबी के रहने वाले गुंडा (65), विनय कुमार (14), पिंकू (27), दिव्यांश (5), आशीष (22), संस्कार (8), विमला देवी (50) निवासी चंद्रभानपुर, पिपरी, कौशांबी और टवेरा सवार छोटा (60), सुनैना (55), कैलाश (35), रानी (45) निवासी कर्वी, चित्रकूट घायल हो गए। दारागंज पुलिस ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी मौके पर तीन एंबुलेंस के ईएमटी अशोक कुमार, अनिल यादव आशीष कुमार और तीन पायलट विपिन कुमार बद्री प्रसाद और हरिशंकर अपने वाहन के साथ पहुंचे सभी घायलों को लाल खान का स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय ले जाया गया। जहां 5 वर्षीय बच्चे दिव्यांश 8 वर्षीय बच्चे संस्कार और सुनैना की हालत गंभीर बताई जा रही है। दारागंज पुलिस ने दोनों परिवारों के घर वालों को सूचना दे दी है।

महापौर की प्रथम बैठक : जनहित में जारी किया 10 प्रतिशत गृह कर छूट

प्रयागराज। नगर निगम प्रयागराज द्वारा 16 मई से किये जा रहे गृहकर बिलों का वितरण पर अनेक नागरिकों द्वारा जोन कार्यालयों से सम्पर्क करने के बावजूद गृहकर जमा नही किया जा रहा था इस सम्बन्ध में बारम्बार कार्यालयों में गृहकर के छूट के बारे में पूछ-ताँछ की जा रही थी छूट क्यों नही दी जा रही है या कब से मिलेगी। महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी जी प्रथम दिन अपने कार्यालय में बैठने के उपरान्त उक्त विषय के संज्ञान में आने पर मुख्य कर निर्धारण अधिकारी को अपने कार्यालय में बुलाकर नगर निगम क्षेत्र के सभी भवन स्वामियों को तत्काल प्रभाव से वित्तीय वर्ष 2023-24 में 10 प्रतिशत छूट का आदेश तैयार कर जारी करने हेतु निर्देशित किया गया। जिसपर मुख्य कर निर्धारण अधिकारी द्वारा उक्त विषय की पत्रावली अपने नोट के साथ नगर आयुक्त महोदय से अग्रेशित कराते हुए महाँपौर के समक्ष प्रस्तुत की जिसे महापौर द्वारा जनहित में तत्काल आदेश प्रदान किया गया। यह छूट वित्तीय वर्ष 2023-24 में 01 अप्रैल से 31 जुलाई तक चालू गृहकर मद में 10 प्रतिशत की दर से प्रभावी की गयी है।

नैनी के चक लाल मोहम्मद में एक घर से लाखों की चोरी

सो रहे परिवार पर नशीला स्त्रे डालकर चोरों ने किया बेहोश, लाइसेंसी रायफल, कारतूस, जेवरात लेकर हुए फरार

अखंड भारत संदेश

नैनी। नैनी कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को घर में घुसे चोर घर से लाइसेंसी राइफल, कारतूस, नकद और जेवरात लेकर फरार हो परिवार के लोगों को सुबह पता चलने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड बुलाकर छानबीन कराई गई पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही हैं चोरों ने लोगों पर डाला कोई नशीला स्त्रे नैनी कोतवाली अंतर्गत चक लाल मोहम्मद विनायक नगर निवासी राजेश कुमार पटेल पुत्र रोशन लाल पटेल एक फाइनेंस कंपनी में जॉब करते हैं उनका कहना है कि 29 मई को भोर में 3 से 4 बजे के बीच में उनके घर में चोर घुस गए जिस कमरे में वहां अपने पत्नी और बच्चों के साथ सो रहे थे उसका दरवाजा खुला हुआ था। राजेश के अनुसार सबके ऊपर चोरों ने कोई नशीला स्प्रे डाल दिया जिससे किसी को कुछ पता ही नहीं चल सका परिवार के सदस्यों की सुबह 9:00 बजे के आसपास जब होश आया, तो घर की स्थिति देखकर अवाक रह गए चोरों ने बगल के कमरे का ताला तोड़कर उसमें रखी अलमारी का लॉकर तोड़ दिया था जिसमें रखे 45 हजार रुपए नकद, लाइसेंसी राइफल, 10 कारतूस, 10 लाख रुपए के जेवरात का सामान गायब था घटना की सूचना उन्होंने तत्काल 112 पर पुलिस को दी सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड बुला करके जांच पड़ताल कराई गई इंस्पेक्टर नैनी बृजेश सिंह का कहना है कि मौके का निरीक्षण कर के साक्ष्य जुटाए गए है आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जा रहा हैं पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

दबंगो ने बोई फसल को ट्रक्टर से नष्टकर घर में की तोड़फोड़ महिला को भी मारापीटा

मऊआइमा। मऊआइमा इलाके में दबंगों ने बोई हुई उर्द की फसल को ट्रैक्टर से जोतवा कर नष्ट करने लगे। महिला ने विरोध किया तो घर में घुस कर बुरी तरह मारे पीटे तथा तोडफोड़ किए व जान से मारने की धमकी दिए महिला ने दबंगो के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। मऊआइमा थाना अंतर्गत कल्याणपुर के निहाल सिंह का पूरा गांव निवासनीय रीना शुक्ला पत्नी श्याम सुन्दर शुक्ला के मुताबिक वह अपने भूमि धरी खेत में उर्द बोए हुए है। रीना शुक्ला का आरोप है कि उनके विपक्षी पुरुषों की गैर मौजूदगी में सोमवार को शाम के समय ट्रैक्टर लेकर आए और बोई हुई उर्द कि जोताई करने लगे। रीना शुक्ला का आरोप है कि उसके विरोध करने पर घर में घुस कर उसे मारे पीटे तोड फोड किए। आरोप है कि अभद्रता करते हुए गालियां दी और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घायल रीना शुक्ला ने मऊआइमा थाने में मार पीट तोड फोड खेत नष्ट करने का आरोप लगाते हुए। रीना शुक्ला ने रामसूरत, राम प्रवेश ,अनुज शुक्ला, शिवानन्द ,रमानन्द तथा आठ अज्ञातों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस रीना शुक्ला का मऊआइमा सी एच सी में इलाज करा रही है। समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नही किया गया था।

सगे देवर ने भाभी को लोहे की रॉड से पीट पीटकर उतारा था मौत के घाट

पूरामुफ्ती पुलिस ने किया कलावती देवी की हत्या का खुलासा

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। पूरामुफ्ती पुलिस ने पंद्रह दिन के बाद कलावती देवी की हत्याकाण्ड का खुलासा कर लिया है। महिला की हत्या जेवर के विवाद में उसके देवर ने की थी पुलिस ने देवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है दो सप्ताह पहले पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मर्दानपुर गांव में घर के भीतर महिला की निर्मम तरीके से पीट पीटकर हत्या कर दी गई थी हत्या का खुलासा करते हुए पूरामुफ्ती पुलिस ने हत्यारोपी देवर को आलाकत्ल सहित गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया और वहीं से उसे जेल भेज दिया। महिला की हत्या का खुलासा करने के बाद पूरामुफ्ती पुलिस ने राहत भरी सांस ली है। सोने - चांदी के जेवरात को लेकर भाभी और देवर के बीच विवाद उत्पन्न हुआ जिसके बाद देवर ने भाभी को लोहे की रॉड से पीट - पीटकर मौत के घाट उतार दिया था। महिला की हत्या करने के बाद हत्यारोपी कई दिन के लिए घर से फरार हो गया था और जैसे ही मामला शांत हुआ घर वापस आ गया। घर वापस आने की सूचना पाकर पूरामुफ्ती पुलिस ने घेरा बंदी कर उसे हिरासत में ले लिया और थाने ले जाकर कड़ाई से पूछ - ताछ किया जिसके बाद हत्या रोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। कलावती देवी के पति धर्मपाल की मृत्यु 10 वर्ष पहले हो गई है। पति के मौत के बाद कलावती और अशोक के बीच नजदीकियां बढ़ गई जिसके चलते अशोक ने कलावती को रखने के लिए सोने - चांदी के जेवरात दे दिया उसके बाद अशोक ने दिए जेवरात मांगे तो कलावती ने टाल - मटोल करना शुरू कर दिया और यह बात अशोक को नागवार गुजर रही थी। जेवरात को लेकर अशोक काफी खुन्नस खाया हुआ था और इसी बीच महिला को घर में अकेली देखकर अशोक घर में घुस गया और दरवाजा बंद कर लिया जिसके बाद बंद कमरे में लोहे की रॉड से पीट - पीटकर कलावती देवी की हत्या कर दिया था।

कब रुकेगा अवैध मिट्टी खनन! प्रशाशन बना मौन

सिरसा। मेजा क्षेत्र में अवैध रूप से मिट्टी का खनन इन दिनों जोरों पर चल रहा है। सब कुछ पुलिस व प्रशासन के नाक के नीचे हो रहा है, लेकिन प्रशासनिक अमला शांत बैठा हुआ है। पूरे क्षेत्र में जेसीबी व ट्रैक्टर लगा कर खनन माफिया शासन के दिशा निदेशों की धज्जियां उड़ा रहे है। कार्रवाई न होने से खनन माफियाओं के हौसले बुलंदी पर है। शासन ने पूरे प्रदेश में अवैध रुप से हो रहे खनन पर रोक लगाई हुई है। खनन के लिए शासन से आवश्यक दिशा निर्देश भी प्रशासनिक अमले को दी गई है। इसके बाद भी मेजा तहसील क्षेत्र में पुलिस व तहसील प्रशासन की अनदेखी व मिली भगत के चलते मिट्टी खनन का कार्य बे रोक-टोक चल रहा है। खनन माफिया खुलेआम जेसीबी से ट्रैक्टर-ट्राली पर मिट्टी लाद कर क्रय विक्रय कर रहे है। कुछ लोगों ने नाम को गोपनीय रखने कि बात कहकर पूछताछ में बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी तालाबों से प्रधान की अनुमति से मिट्टी क्रय विक्रय हो रहा। प्रधान कुछ ट्रॉली मिट्टी गांव के काम में लेते है उसके बाद क्रय विक्रय का काम शुरू होता है। जबकि शासन की तरफ से तालाबों को खोदवाने का प्रावधान नरेगा मजदूरों का है। मगर ऐसा नहीं हो रहा है।लेकिन खनन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई न होने से उनके हौसले बुलंद है। अवैध रूप से खनन के बाद लदी मिट्टियां लेकर रोड पर चलने वाले ट्रैक्टर चालकों की रफ्तार इतनी तेज होती है कि अक्सर हादसे भी होते है। इसके बाद भी इन अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

3.5 करोड़ की लागत से लाइव होंगे कमिश्नरेट के थाने, हाईटेक सीसीटीवी कैमरों से होंगे लैस

प्रयागराज। थानों पर कब क्या हो रहा है, अब इसके एक-एक पल का हिसाब रखा जाएगा। यह होगा उन हाईटेक सीसीटीवी कैमरों से जो 3.5 करोड़ रुपये खर्च कर कमिश्नरेट के सभी 42 थानों में लगाए जाने हैं। इसे लेकर आला अफसरों ने हाल ही में बैठक की है और जल्द ही इसकी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में पूरे प्रदेश के 1586 थानों में हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने हैं। इसके तहत अलग-अलग जोन व कमिश्नरेट के लिए अलग-अलग धनराशि का आवंटन किया गया है। प्रयागराज कमिश्नरेट में 3.51 करोड़ की लागत से सभी थानों में हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएंगे। पुलिस सूत्रों का कहना है कि थानों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने के संबंध में पुलिस मुख्यालय की ओर से विस्तृत दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इसके मुताबिक, सर्किल मुख्यालयों के थानो में छह जबकि अन्य थानों में से प्रत्येक में पांच सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने हैं। प्रयागराज कमिश्नरेट में कुल 14 सर्किल हैं ऐसे में सर्किल मुख्यालयों के थानों में कुल 84 कैमरे इंस्टाल कराए जाएंगे। शेष बचे 28 अन्य थानों में पांच के हिसाब से कुल 140 कैमरे लगवाए जाने की योजना बनाई गई है।

अन्जुमन हाशिमया के सरबराह सरदार हुसैन खॉ का निधन किए गए सुपुर्द-ए-खाक

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। दरियाबाद पठनवल्ली के रहने वाले अन्जुमन हाशिमया के सरबराह सरदार हुसैन खॉ का रविवार को रात निधन हो गया।सोमवार को प्रातः ८:३० बजे दरियाबाद स्थित पैतृक कब्रिस्तान कदम रसूल में सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में उनकी मय्यत को सुपुर्द-ए-खाक किया गया।दरगाह हजरत अब्बास में मौलाना सैय्यद रजी हैदर रिजवी साहब कि ब्ला ने नमाज जनाजा पढ़ाई ।वहीं पर मौलाना ने मजलिस को खिताब करते हुए उनकी खिदमात का तजकेरा भी किया।अन्जुमन हाशिमया के नौहाख्वानो ने जनाजा पर पुरसा पेश करने को नौहा भी पढ़ा।मीडिया प्रभारी सैय्यद मोहम्मद अस्करी ने बताया की स्व सरदार हुसैन खॉ अन्जुमन हाशिमया के सरबराह के साथ तब्लीगी मजलिस को संचालित करवाने में अहम भूमिका निभाते चले आ रहे थे वहीं दीनी तहफ्फुज और समाजी तौर पर भी काफी सक्रिय रहा करते थे।उनके आकस्मिक निधन से अन्जुमन हाशिमया के साथ तमाम अहले इस्लाम को आघात लगा।उनके बेटे मशहद अली खां को सांत्वना देने को सभी धर्मों के लोग उनके आवास पहुंचे और शोक संवेदनाएं प्रकट की।मौलाना सैय्यद रजी हैदर रिजवी , मौलाना आमिरुर रिजवी , सैय्यद इफ्तेखार हुसैन , मोहम्मद इसराइल , गौहर काजमी ,सैय्यद मोहम्मद अस्करी ,आसिफ रिजवी , महेन्द्र निषाद ,महबूब उस्मानी ,मोईन हबीबी ,तहजीब अली ,शाहिद कमाल खान ,हसन नकवी ,फाज़िल हाशमी ,शफकत पाशा , मुहम्मद अहमद गुड्डू ,फसाहत हुसैन ,ज़िया अब्बास अर्शी यासिर सिबतैन ,जावेद रिजवी करारवी,नकी भाई ,शीराज रिजवी ,हसनैन अख्तर , जुलकरनैन आब्दी आदि ने शोक प्रकट किया।

न्यूज झरोखा

कर्नलगंज थाने के दरोगा दिव्यांग प्रतिभागी को गोद में उठाकर पहुंचाया परीक्षा परीक्षा कक्ष तक

प्रयागराज पुलिस के मानवीय चेहरे को लोगों ने किया सैल्यूट

प्रयागराज। यूपी पुलिस का एक मानवीय चेहरा रविवार को सामने आया शहर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कटरा में यूपीएससी-2023 परीक्षा के लिए सेंटर बनाया गया था इस दौरान एक शारीरिक रूप से दिव्यांग परीक्षार्थी को ड्यूटी पर तैनात कर्नलगंज थाने के दरोगा जयराम सरोज ने गोद में उठा करके परीक्षा कक्ष तक पहुंचाया दरोगा की ये फोटो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। जिससे चौतरफा दरोगा के सेवा भाव की सराहना होने लगी यूपी पुलिस को ऐसे ही पुलिस कर्मियों की जरूरत है। नहीं तो अक्सर करके देखा जाता है कि पुलिस वाले अपने बातचीत और व्यवहार के कारण नफरत के लायक ही ज्यादा कर्के व्यवहार करते हैं उसी के हिसाब से आम लोगों से इज्जत भी पाते हैं हर कौम, विभाग में पाए जाते हैं कुछ अच्छे लोग इस तस्वीर को लोग सोशल मीडिया पर शेयर करके लिख रहे है कि आज भी इंसानियत जिंदा है इसी प्रकार से हर कौम, विभाग में कुछ अच्छे लोग पाए जाते हैं। लोगों ने सोशल मीड़िया पर दिव्यांग को गोद में उठाए लड़के की दरोगा की फोटो टैग कर ऐसे पुलिस अफसर को दिल से सैल्यूट किया।

कटान की चपेट में आई गंगा किनारे बनी सड़क

गंगा किनारे छतनाग से पुरानी जीटी रोड तक बनी है इंटरलाकिंग सड़क, पुलिस ने सड़क पर बैरियर लगा कर आवगमन रोका



झूंसी। माघ मेला क्षेत्र में झूंसी की ओर बनाई गई इंटरलाकिंग सड़क गंगा की कटान की चपेट में आ गई है। इससे सड़क पर तो संकट मंडरा ही रहा है साथ ही नमामि गंगे योजना के तहत बिछाई गई सीवर लाइन भी कटान की चपेट में है। मामले की शिकायत सिंचाई विभाग व जिला अधिकारी से की गई तो सड़क पर बैरियर लगा कर आवागमन रोक दिया गया। पार्षद शिवनारायन यादव उर्फ घुंनु ने बताया की सिंचाई विभाग की ओर से अब तक कटान रोकने के लिए कोई पहल नही की गई। माघ मेले व कुम्भ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के साथ स्थानीय लोगो की सहूलियत के लिए झूंसी की ओर गंगा तट पर पुरानी जीटी रोड से छतनाग मुक्ति धाम तक करीब 3 किमी इंटर लॉकिंग सड़क का निर्माण कराया गया है। इस सड़क पर मेले के साथ आम दिनों में भी पूरे दिन गाड़ियों व पैदल लोगो की आवाजाही जारी रहती है। अब यह सड़क गंगा में हो रही कटान की चपेट में है। उस्तापुर पाठशाला पानी की टंकी के नीचे सड़क का कुछ हिसा कटान में ढह भी गया है नमामि गंगे की ओर से बिछाई गई सीवर लाइट भी कटान की वजह से बाहर आ गई है। सुबह शाम यहा टहलने वालो ने बताया कि करीब महीने भर से कटान तेज हो गई है। सुनील यादव ने बताया कि जिलाधिकारी से शिकायत के बाद रविवार को नायाब तहसीलदार देवेंद्र चौधरी, लेखपाल विकास ओझा मौके पर मुआयना किया। एसआई धर्मेंद्र यादव ने बताया कि खतरे को देखते हुए रविवार रात बैरियर लगा कर सड़क पर अवगम रोक दिया।

गंगा दशहरा की पूर्व संध्या पर बीजेपी के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने ग्राम वासियों को दी बधाई

अखंड भारत संदेश

मेजा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने समस्त प्रयागवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए लोगों का आवाहन किया है कि माँ गंगा के अवतरण दिवस पर हम सब अपने सभी जल स्रोतों (कुओं , तालाबों , नदियों) के संपूर्ण संरक्षण का प्रण लें।श्री शुक्ल ने कहा कि इस धरती पर विद्यमान मीठे पानी के सभी जल स्रोत ही मानव जीवन के मूल आधार हैं और मानव सभ्यता को भविष्य में जीवित रहने के लिए जल स्रोतों को सूखने और जहरीला होने से बचाना ही होगा । श्री शुक्ल ने कहा कि आज पूरे दुनियाँ की नदियाँ और सागर प्लास्टिक कचरे से उत्पन्न चुनौतियों का सामना कर रही हैं। जिसका सीधा दुष्प्रभाव मनुष्य और सभी प्रकार के जल जीवन पर पड़ रहा है। श्री शुक्ल ने कहा कि इस वैश्विक विभीषिका से भारत सहित पूरी दुनिया को बचाने के लिए हमारे यशश्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी भारत में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाते हुए विश्व मंच पर इस लड़ाई की अगुआई कर रहे हैं। योगेश शुक्ल ने कहा कि इस दिशा में समाज को भी सरकार के नीतियों के अनुरूप व्यवहार करना होगा। हम समारोह में प्लास्टिक के गिलासो , चम्मचो, बोतलो आदि का प्रयोग करते हैं और बड़ी मात्रा में प्लास्टिक कचरा अपने ही खेतो , गलियों और सड़कों पर पैदा कर देते है यही कचड़ा हमारे खेतो और हमारी गलियों से होते हुए गंगा जैसी पवित्र नदियों में पहुंचता है, फिर इन्ही नदियोंके माध्यम से यह सागर तक पहुंचता है कुछ कचड़ा जमीन के अंदर दबकर हमारी भूमि और भूजल को जहरीला बनाता है।श्री शुक्ल ने कहा आज गंगा ,यमुना, टौंस, बेलन के तट पर बसने वाले हम सभी प्रयाग वासी गंगा दशहरा पर इस बात का संकल्प ले कि हम सब सम्पूर्ण प्रयागराज जनपद को प्लास्टिक के कचरे से पूरी तरह से मुक्त करेंगे और गंगा सहित सभी नदियों के धारा में प्लास्टिक का एक टुकड़ा भी नहीं जाने देंगे।यही शुभ संकल्प हमारे लिए गंगा दशहरा का पुण्य होगा।

गंगा दशहरा के पुण्य अवसर पर अरैल मे दिव्य भव्य आयोजन

गंगा महासभा द्वारा सभी गंगाभक्तो से शामिल होने की अपील

नैनी। गंगा महासभा प्रयागराज के तत्वावधान में पतित पावनी मां गंगा के अवतरण दिवस गंगा दशहरा के उपलक्ष मे 30 मई मंगलवार को अरैल गंगातट फलाहारी बाबा आश्रम के सामने 11111 (ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह) दीप प्रज्वलन कर दीपदान किया जायेगा। उक्त आयोजन मे दिव्य भव्य गंगा आरती का भी कार्यक्रम है। उक्त जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि शाम 5 बजे से आयोजित कार्यक्रम मे नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही प्रतिष्ठित नागरिको, गंगाभक्तों को भी आमंत्रित किया गया है गंगा महासभा, अवंतिका विकास समिति एवं यमुनापार विकास संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने सभी गंगाभक्तों से पावन पुण्य आयोजन मे शामिल होकर आयोजन को दित्य भव्य बनाने की अपील की है।,

गंगा दशहरा धार्मिक पर्व पर भंडारे का आयोजन : नैनी। अरैल नया पक्का घाट (सेल्फी प्वाइंट) पर।मां गंगा के पावन अवतरण पर्व "गंगा दशहरा धार्मिक पर्व" पर आप सभी सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल एवं शहीद चन्द्रशेखर आजाद स्मारक समिति नैनी द्वारा आयोजित "शरबत एवं पूड़ी सब्जी भंडारे में" आप सादर आमंत्रित हैं 30 मई सुबह समय- 5 बजे से कार्यक्रम स्थल - अरैल नया पक्का घाट (सेल्फी प्वाइंट) पर। यह जानकारी संस्था के सचिव कुंवर जी तिवारी एवं शहीद चन्द्रशेखर आजाद स्मारक समिति नैनी के अध्यक्ष रामकृष्ण पांडे , आजाद ने दी है।

छात्र-छात्राओं और शिक्षिकाओं ने सुनी मन की बात का 101 वां भाग

प्रयागराज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 101वें एपिसोड को छात्र-छात्राओं शिक्षिकाओं व उनके अभिभावकों तक पहुंचाने के लिए आज सूचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के केन्द्रीय संचार ब्यूरो प्रयागराज द्वारा पी.डी.एम. कॉन्वेंट स्कूल राधानगर कालोनी दारागंज में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सुबह 11-00 बजे से मन की बात रेडियो प्रसारण संगोष्ठी व्याख्यान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने मन की बात रेडियो प्रसारण को ध्यान से सुना और समझा। मन की बात कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाचार्य खुशबू व शिक्षिका पुष्पा सिंह रेनू शर्मा दीपिका प्रजापति आकांक्षा निषाद कोमल यादव मीरा शुक्ला संगीता निषाद तथा नेहरू युवा केन्द्र के निर्मलकांत पाण्डेय प्रमोद कुमार सहित अभिभावकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

प्रतापगढ़ संदेश

शादी समारोह से लौट रही युवती के साथ किशोर ने किया दुष्कर्म

पुलिस ने दर्ज किया मामला

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। शादी समारोह से घर लौट रही युवती से गांव के ही एक किशोर ने खेत में उसके साथ दुष्कर्म किया, बाद में युवती ने घरवालों को जब यह बात बताई तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपित किशोर को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी किशोर के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है ।

कंधई थाना के एक गांव निवासी व्यक्ति की पुत्री की बारात रविवार रात आई थी। शादी समारोह में शामिल होने के लिए गांव की एक युवती गई थी। शादी समारोह के बाद देर रात युवती अपने घर जाने लगी तो आरोप है कि रास्ते में पहले से ही खड़े गांव के ही एक 17 वर्षीय किशोर ने उसका मुंह दबाकर कर एक खेत में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। किसी तरह युवती रोती हुई घर पहुंची तथा अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। सूचना पर मौके पर पहुंची कंधई पुलिस ने महिला कांस्टेबल के साथ युवती को उपचार एवं मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा और आरोपित किशोर को हिरासत में ले लिया। एसओ कंधई धीरेन्द्र ठाकुर ने बताया कि आरोपित किशोर के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, तथा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

महिला को पीटा, शिकायत क्षेत्राधिकारी से

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। कोटे के चयन को लेकर हुई बैठक में अपनी बात रखने पर एक महिला को आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट कर जख्मी कर दिया। पीड़ित महिला ने इस संबंध में शिकायती पत्र दिया लेकिन शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उसने क्षेत्र अधिकारी को शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के चैमारी गांव की रहने वाली इंदु पत्नी अशोक ने बताया कि वह अनुसूचित जाति की महिला है बीते 20 मई को गांव में कोटे के चयन को लेकर बैठक हुई थी जिसमें उसने अपनी बात रखी जिससे गांव का एक व्यक्ति नाराज होकर उसे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारा-पीटा पीड़ित महिला को यह धमकी दी गई कि अगर वह शिकायत की तो जान से मार दिया जाएगा पीड़ित महिला ने इस संबंध में शिकायत किया तो कोई कार्रवाई नहीं हुई तो महिला ने क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

हत्यारोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लालगंज, प्रतापगढ़। लालगंज पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपी पति को हिरासत मे लेकर सोमवार को जेल भेज दिया। कोतवाली के देवापुर अर्जुनपुर गांव में शनिवार को विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला था। मामले मे विवाहिता के पिता की तहरीर पर पति समेत ससुरालीजनों पर पुलिस ने दहेज हत्या का मुकदमा कायम कर रखा है। रानीगंज कैथौला चैकी इंचार्ज योगेन्द्र सिंह पुलिस फोर्स के साथ सोमवार की सुबह गश्त कर रहे थे। मुखबिरी सूचना पर रायपुर चैराहे से दहेज हत्या का आरोपी मृतका का पति जगन्नाथ पटेल का पुत्र दिलीप पटेल पुलिस के हत्थे लग गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया। वहीं रविवार की देर शाम मृतका अंजली का शव पीएम के बाद अंतिम संस्कार के लिए मायके के लोग लेकर अपने घर चले गये।

सौ सफाई कर्मचारी जुटे बेल्हा देवी घाट व नदी की सफाई में

आज गंगा दषहरा की आरती में शामिल होंगे हजारों लोग

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। गंगा दषहरा की पूर्व संध्या तक नगर पालिका के सौ सफाई कर्मचारी बेल्हा देवी मंदिर के घाटों व सई नदी में बहती गंदगी को साफ करते देखे गये। बता दें कि 30 मई की शाम गंगा दषहरा में हजारों लोग दीप प्रज्वलन कर आरती करेंगे।

इसको लेकर नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह के निर्देषन व नगर पालिका ईओ राम अचल कुरील की देखरेख में दिन भर सफाई होती रही। नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह व सफाई प्रभारी प्रषांत सिंह बेल्हा देवी के घाटों व नदी के सफाई का निरीक्षण करते रहे। बताया जाता है कि सई नदी की सफाई समय-समय पर होती रहती है लेकिन बेल्हा देवी का दर्षन पूजन करने वाले श्रद्धालु चुनरी, कलावा, कलष आदि नदी में फेंक देते हैं। इस तरीके की गंदगी सोमवार व शुक्रवार को बेल्हा देवी धाम में लगने वाले मेले के दौरान ज्यादा होती है। इस बारे में सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह बताते हैं कि बेल्हा देवी घाट पर एक गड्ढा खोदा गया है जिसमें चुनरी आदि का सामान फेंका जाना चाहिये लेकिन श्रद्धालु सीधे नदी में फेंक देते हैं जिसे साफ करने में ज्यादा समय लगता है।

बेल्हा देवी घाट की सफाई करते नगर पालिका के सफाई कर्मी।

बिना ड्रेस ओटी में घुसे स्टाफ को प्रिंसिपल ने बाहर निकाला

सफाई को लेकर सर्जन और सीएमएस को किया कर्रा

मंत्री के आगमन के मद्देनजर चाक चौबंद व्यवस्था को लेकर प्रिंसिपल ने दिखाए तेवर

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। मंत्री के आगमन को लेकर मेडिकल कॉलेज की अस्पतालों में सफाई और चिकित्सीय व्यवस्था की नब्ज टटोलने सोमवार को निरीक्षण पर निकले मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डॉ सलिल कुमार श्रीवास्तव को कई खामियां मिली। जिससे उनका माथा ठनक गया। गंदगी देख उन्होंने सर्जन और सीएमएस को कर्रा किया। एक डाक्टर के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश सीएमएस को दिया। ओटी में बिना एप्रिन मिले स्टाफ को डांटकर बाहर निकाल दिया। उन्होंने शाम तक सफाई दुरुस्त न मिलने पर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया है। निरीक्षण से हड़कंप मचा रहा।

प्रिंसिपल डाक्टर सलिल श्रीवास्तव सीएमएस डा सुरेश सिंह को लेकर राजा प्रताप बहादुर अस्पताल का निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें जगह जगह गंदगी दिखाई दी। वाटर बूथ, इमरजेंसी और ओटी में गंदगी मिली। पहले तो उन्होंने सर्जन अनुज जैन की क्लास ली। सीएमएस से कहा ये सब नहीं चलने वाला है। अगर रात को सफाई व्यवस्था सही नहीं मिली तो खैर नहीं। उन्होंने डाक्टर आरके पांडेय के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने की बात सीएमएस से कही। माइनर ओटी में घुसते ही उन्हें एक स्टाफ बिना ड्रेस पहने ही पट्टी करता मिला। उन्होंने उसे फटकार लगाई और बाहर कर दिया। बिना ड्रेस दिखाईं पड़ने पर सेवा से बाहर का रास्ता दिखाने का निर्देश दिया।

स्टाफ की कमी कैसे होगी सफाई

प्रतापगढ़। मेडिकल कॉलेज बनने से काम पहले से तीन गुना अधिक बढ़ गया है। लेकिन स्टाफ की संख्या वही पुराने ही है। अगर सफाई कर्मी की बात की जाय तो अब तो पहले से भी कम है। जो इतने बड़े अस्पताल के लिए काफी नहीं है। मल्टीपर्पज स्टाफ इन कामों को करने से दूरी बनाए हुए है। जब तक इनसे ढंग का काम नहीं लिया जाएगा व्यवस्था सुधरने वाली नहीं है।

चोरी की घटना में सीओ से गुहार

लालगंज, प्रतापगढ़। चोरी की घटना में पुलिस द्वारा कार्रवाई न किये जाने को लेकर पीडित ने सीओ से गुहार की है। लालगंज कोतवाली के भदारी कला तकिया निवासी प्यारे लाल के पुत्र राजेश कुमार जायसवाल ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि पचीस मई की रात्रि उसके घर बदमाशों ने सीढ़ी के सहारे घर मे घुसकर चोरी की वारदात घटित की। तहरीर मे कहा गया है कि चोरों ने आलमारी का लाक तोडकर सोने चांदी के जेवरात समेत एक लाख रुपए नकद उडा लिये। पीडित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी। एक सौ बारह डॉयल पुलिस घटना के दूसरे दिन जांच के लिए पहुंची भी थी। पीडित का कहना है कि इसके बावजूद पुलिस कार्रवाई नही कर रही है।

बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव समर्पित रहूंगा: फरहीम

राज्य स्तरीय आईसीटी अवार्ड से सम्मानित हुए शिक्षक फरहीम

अखंड भारत संदेश

कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़। राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय आई सी टी इनफॉरमेशन कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी अर्थात सूचना और संचार प्रौद्योगिकी आधारित कक्षा शिक्षण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु मोहम्मद फहीम राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह मान्धाता को अशोक कुमार सिंह, उप शिक्षा निदेशक डायट प्रतापगढ़के द्वारा प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया।इस प्रतियोगिता में माध्यमिक एवं परिषदीय शिक्षकों ने प्रतिभाग किया था। उप शिक्षा निदेशक ने कहा कि कटरा गुलाब सिंह के बच्चे निपुण भारत की संकल्पना साकार कर रहे हैं। वहां के बच्चे पूरे प्रदेश में नाम रोशन कर रहे हैं। मैं सभी बच्चों एवं शिक्षकों को सम्मानित करूंगा और वह दिन दूर नहीं जब जनपद प्रतापगढ़ कुछ ही दिनों में निपुण भारत का लक्ष्य प्राप्त करेगा। यह बात उन्होंने मासिक समीक्षा बैठक डायट में कही। भूपेंद्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने फरहीम को बधाई दी। इस मौके पर शिव बहादुर मौर्य, खंड शिक्षा अधिकारी मान्धाता, संतोष बी ई ओ सदर, संजय सिंह बी ई ओ,बिहार, बी ई ओ शालिनी श्रीवास्तव ,डायट प्रवक्ता जितेंद्र कुमार, अमरेंद्र मिश्र, डॉ कमल किशोर, डॉ दुर्गेश, फिरोज खान, एसआरजी श्वेता सिंह, चंद्रजीत, आशुतोष, जनपद के सभी ए आर पी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एसआरजी श्वेता सिंह ने किया।

अतिथि द्वारा सम्मानित शिक्षक मोहम्मद फरहीम।

पंचायत मित्र पर दुर्व्यवहार का आरोप

पट्टी, प्रतापगढ़। मनरेगा में काम करने वाली महिलाओं ने पंचायत मित्र पति के ऊपर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के नेवादा गांव के रहने वाली हलीमा ने बताया कि गांव के पंचायत मित्र संजय वर्मा की पत्नी है लेकिन सब काम संजय वर्मा करते हैं और वह महिलाओं के साथ बदसलूकी करते हैं सोमवार को गाली देकर धमकी भी दिया। हालांकि इस संबंध में संजय वर्मा से बात करने पर उन्होंने बताया कि दो महिलाओं का आपस में विवाद था किसी के कहने पर वह लोग झूठा आरोप लगा रही है मामले में कोई सच्चाई नहीं है।

17वें श्री गंगा दशहरा महोत्सव की सारी तैयारीयाँ पूर्ण, 11551 दीपो से सारे घाट होंगे प्रकाशमय

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। श्री गंगा दशहरा महोत्सव की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। बेल्हा देवी धाम में आयोजन समिति की बैठक हुई जिसमें 30 मई को श्री गंगा दशहरा महोत्सव मनाने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। विद्युत झालरों की सजावट का काम आयोजन समिति की देखरेख में आज से शुरू हो गया।

कार्यक्रम के संयोजक रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि 30 मई को होने वाले गंगा दशहरा की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। पूरे मंदिर परिसर को फूल मालाओं एवं विद्युत झालरों से सजाया जा रहा है। शाम को 11551 दीपो से सारे घाटों को प्रकाशमय करके 6 बजे माँ सई गंगा की महाआरती होगी। जिसमें 108 पुरोहित विशेष मंत्रोउच्चारण शंख, घड़ियाल बजाते हुए महाआरती की शुरूआत करेंगे।

समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह (मुन्ना भैया) ने सभी मां के भक्तों से अनुरोध किया की इस शुभ अवसर पर मां बेल्हा देवी धाम में माँ सई गंगा के घाट पर पहुंचकर इस भक्तिमय वातावरण के साक्षी बने और पुण्य के भागी बने। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए और आयोजन को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोदय ने सुरक्षा की सारी व्यवस्था के लिए पुलिस बल लगाने का निर्देश दिया है। एसडीएम सदर, सीओ सिटी और कोतवाल, अग्निशमन, नगरपालिका, तहसीलदार आदि अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। गंगा दशहरा महोत्सव के अवसर पर जल, नदियों एवं पर्यावरण के संरक्षण का संकल्प भी लिया जाएगा। इस अवसर पर मां गंगा की महिमा पर आधारित विभिन्न प्रकार की झांकियां प्रस्तुत होंगी और भजन संध्या का कार्यक्रम होगा। भीड़ को देखते हुए पूरे परिसर में सीसी कैमरे लगाए गए हैं। इस अवसर पर सुरेश अग्रवाल, छेदीलाल, संतोष कुमार, देवानंद, विवेक कुमार, रघु पंडा, मनोज पंडा, सनी तिवारी, त्रिवेणी तिवारी, आशीष , सुरेश मास्टर, जग्गू पंडा, सोनू पंडा, मोनू पंडा, प्रमोद, अजय, गैंडा, अरविंद कोटेदार, भारत, दीपक, प्रदीप, विजय, बच्चा, राजू, अमन, मोनू ,पप्पू पांडे, गिरजा, गणेश, बीनू, गोलू, रविंद्र, इंद्रेश,संजय बाबा आदि उपस्थित रहे।

पन्द्रह मिनट बाइक खड़ी करने का किराया मांगा पचास रुपया

रेलवे स्टैंड पर हो रही अवैध वसूली की शिकायत

प्रतापगढ़। स्थानीय रेलवे स्टेशन के वाहन स्टैंड पर अवैध वसूली का खेल जारी है। स्टैंड पर पन्द्रह मिनट के लिए बाइक खड़ी करने वाले व्यक्ति से पचास रूपए की मांग की गई। व्यक्ति शिकायत लेकर सीधे एसएस के दफ़्तर गया। रविवार होने के कारण एसएस नहीं मिले। बाइक वाले ने आउटडोर में जाकर शिकायत दर्ज कराई है। खास बात यह है कि कमीशन की लालच में लार टपकाने वाले जिम्मेदार इस तरफ देखना नहीं चाहते हैं। रविवार को संजय नाम का एक व्यक्ति आउट डोर एसएम दफ्तर में पहुंचा। उसको टीएनसी राजकुमार सिन्हा से मिले। उनसे उसने बताया कि रेलवे परिसर में स्थित साइकिल स्टैंड पर उसने पंद्रह मिनट के लिए बाइक खड़ी थी। स्टैंड वाले उससे पचास रूपए किराया मांग रहे हैं। राजकुमार ने यह बात एसएस से बताने को कहा। संजय एसएस दफ्तर गया, लेकिन संडे होने के कारण दफ्तर बंद था। संजय चला गया। रेलवे कर्मचारियों का आरोप है कि जो लोग स्टैंड चला रहे हैं। वे अच्छे लोग नहीं हैं। एक तो अपराधी किस्म का है। वह पहले भी वाहन स्टैंड को लेकर लोगों से काफी विवाद और मारपीट कर चुका है। इस बात से रेलवे स्टेशन की फोर्स और स्टेशन के जिम्मेदार अधिकारी वाकिफ हैं। इस बारे में एसएस का कहना है कि स्टैंड वाले गलत पैसा ले रहे हैं। शिकायत मिलने पर स्टैंड वाले पर तीस हजार का जुमार्ना हाल ही में किया गया था। इसकी भी जांच होगी।

जेसीबी से नाले की सफाई करते कर्मी।

चेयरमैन अशोक जयसवाल ने सुनी समस्याएं, नाले की सफाई शुरू

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। पट्टी नगर पंचायत के चुनाव के बाद जीत हासिल करने के बाद नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष अशोक जायसवाल ने सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय पर नगर वासियों की समस्याओं को सुना और उसके बाद अधिशासी अभियंता मनोज प्रियदर्शी से नगर के विकास की के संबंध में चर्चा की। इस दौरान उन्होंने पट्टी नगर में नालियों तथा नालों को साफ कराने का कार्य प्रारंभ कर दिया। नालों में सफाई न होने से लोगों को समस्या हो रही थी जिसे संज्ञान में लेकर उन्होंने साफ सफाई अभियान प्रारंभ किया इस दौरान सभासद अतुल सिंह पट्टी नगर पंचायत के अधिशासी अभियंता मनोज प्रियदर्शी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

आज विविध कार्यक्रमों मे शामिल होंगे प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा मे विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज मंगलवार को रामपुर खास के एक दिवसीय दौरे पर आयेगे। वह दिन में डेढ़ बजे उदयपुर के महाबल गांव में दुर्घटना में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत पर परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट करेगे। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी पौने दो बजे अपराहन बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन करेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने जारी विज्ञप्ति में दी है।

तमंचा समेत धराये आरोपी

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। सांगीपुर पुलिस ने बारात मे तमंचे से फायरिंग करने वाले दो आरोपियो को सोमवार को जेल भेज दिया। लालगंज क्षेत्र के सराय लालमती गांव से शनिवार की शाम सांगीपुर इलाके में दो युवक छोटेगंज बाजार के समीप एक बारात मे शामिल होने गये थे। युवकों ने बारात में द्वारपूजा के समय शौकिया तमंचे से हर्ष फायरिंग कर दी। तभी गांव के ही किसी व्यक्ति ने फायरिंग की सूचना पुलिस को दे दी। इसके बाद खानपान शुरू हो गया तभी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को हिरासत मे ले लिया। तलाशी लेने पर लालगंज कोतवाली के उदियापुर निवासी राजेन्द्र के पुत्र पवन मौर्य के पास से एक तमंचा व तीन खोखा तथा लालगंज कोतवाली के सराय लालमती निवासी त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी के पुत्र अनुपम के पास दो कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों आरोपियो के खिलाफ आर्म्स एक्ट का केस दर्ज किया। दोनों आरोपियो को सोमवार को जेल भेज दिया गया। हालांकि पुलिस का दावा गश्त के दौरान युवकों को रविवार को दिन मे दो बजे नरायनदास गांव पानी टंकी के पास युवकों को हिरासत मे लिए जाने का दावा जताया गया है।

गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

सांसद बृजभूषण की गिरफ्तारी के लिए ढकवा में प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। दुराचार के आरोप में चर्चा में चल रहे सांसद बृजभूषण की गिरफ्तारी के लिए एआईडीएसओ ढकवा बाजार में धरना प्रदर्शन करके जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की। ढकवा बाजार में डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष एवं पाक्सो एक्ट के आरोपी, बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एक महीने से महिला पहलवानों द्वारा जंतर मंतर पर दिए जा रहे धरने पर, 28 मई को किये गये पुलिसिया जुल्म के खिलाफ एआईडीवाईओ, एआईडीएसओ एवं एआईकेकेएमएस के संगठन के कार्यकताओं द्वारा जुलूस निकालकर काला दिवस मनाया गया। जुलूस में बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी एवं जनता के जनवादी आंदोलनों पर पुलिस हस्तक्षेप बंद किए जाने, महिलाओं की सुरक्षा की गारंटी देने, महिला पहलवानों को न्याय देने की मांग की गई। जुलूस में विजयानन्द तिवारी, उमाशंकर, रूपेश कुमार, सन्तोष मौर्य, प्रवीण कुमार विश्वकर्मा, अमर बहादुर पाल, शिव कुमार विश्वकर्मा, राकेश यादव, विनोद कुमार, तरुण, शिखर यशवन्त राव आदि शामिल हुए।

एमडीपीजी कालेज में नकल करती दो छात्राओं हुई रस्टिकेट

अखंड भारत संदेश

ठप्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाओं में एमडीपीजी कॉलेज प्रतापगढ़ में द्वितीय पाली की परीक्षा में दो छात्राएं नकल करते पकड़ी गईं। द्वितीय पाली में फोर्थ सेमेस्टर जूलॉजी की परीक्षा थी। प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र के निर्देशन में तलाशी ले रहे महाविद्यालय के आंतरिक सचल दल एवं कक्ष निरीक्षक ने चिट से नकल करते दो छात्राओं को पकड़ा। प्राचार्य के निर्देश पर छात्राओं को रस्टिकेट कर दिया गया। महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि दोनों ही छात्राएं गर्ल्स कामन रूम में द्वितीय पाली में नकल करते पकड़ी गईं। महाविद्यालय में आज कुल 7 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में 188 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 3 अनुपस्थित रहे जबकि द्वितीय पाली में 155 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और चार अनुपस्थित रहे।

परीक्षा कक्ष का निरीक्षण करते प्राचार्य प्रो0 मनोज मिश्र।

अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। कार की टक्कर से बाइक सवार युवकों के चुटहिल होने को लेकर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का केस दर्ज किया है। सांगीपुर थाना के कोठा नेवढ़िया निवासी रामकुमार सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि शनिवार की सुबह लालगंज कोतवाली के अमावां चैराहे पर अज्ञात कार चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में राकेश सरोज तथा लाल बहादुर को गंभीर चोटें आ गई। वहीं बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

खबर संक्षेप

सभासद ने घर से नकदी व मोबाइल पार होने का लगाया आरोप

अझुवा कौशाम्बी। कड़ा धाम थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम के भानीपुर निवासी संजय कुमार नव निर्वाचित सभासद है। सभासद संजय कुमार का आरोप है कि रविवार को वह 60 हजार रूपया ब्याज पर लेकर आया था बीती रात अज्ञात चोरों ने घर में रखा नकदी व चार मोबाइल पार कर दिया। सभासद ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्यवाही की मांग की है ।

सड़क किनारे गड्ढे में बाइक समेत गिरे बाइक सवार

कौशांबी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी नारा अंतर्गत थाम्भा गांव के बाइक सवार तीनो युवक रविवार की शाम लगभग 5:00 बजे सेवकूपुर से वापस नारा की तरफ जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार मोड़ के पास पहुंचे तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे गड्ढे में बाइक सवार बाइक समेत गिर गए इस हादसे में तीनों बाइक सवार को चोटे आई है एक की हालत गंभीर बताई जाती है मौके पर पहुंचे ग्रामीणों की मदद से घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

पेड़ में बांधकर युवक की हुई बेरहमी से पीटाई

अखंड भारत संदेश

चोरी करने के दौरान युवक क्यों उतार देगा स्वामी के घर अपने कपड़े

चोर कहकर युवक को पेड़ से रस्सी से बांधकर पीटने वाले लोगों की अभी तक पुलिस ने गिरफ्तारी नहीं की है

युवक को पेड़ से बांधकर पीटते लोग

कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के अटसराय गांव में एक युवक को रस्सी से पेड़ में बांधकर बेरहमी से पीटा गया है जिस युवक की ग्रामीण पिटाई कर रहे हैं उसके शरीर से आधे कपड़े उतरे हुए हैं पेड़ से बांधकर युवक को पीटने के मामले में पिटाई करने वाले आरोपियों को अभी तक पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया है युवक को पीटने वाले लोगों ने युवक पर चोरी का आरोप लगाया है लेकिन यह बात लोगो को हजम नहीं हो रही है पेड़ से बंधे युवक के शरीर मे पैंट के अलावा अन्य कपड़े नही है युवक के शरीर के ऊपर हिस्से का पूरा कपड़ा उतरा हुआ है जिससे गृहस्वामी की यह बात लोगों को हजम नहीं हो रही है कि चोरी करने के बाद युवक भाग रहा था। जिस युवक को पकड़कर पेड़ से बांधकर पिटाई की गई है उससे चोरी का कोई सामान भी नहीं बरामद हुआ है गृहस्वामी के घर चोरी के दौरान चोर अपना कपड़ा क्यों उतार देगा यह बात लोगों को हजम नहीं हो रही है मामला कुछ और प्रतीत हो रहा है जिसे परिजन दबाने का प्रयास कर रहे हैं गृहस्वामी का आरोप है कि शादी वाले घर के बगल वाले घर में एक युवक चोरी की नीयत से घुस गया और चोरी कर भागने के दौरान लोगो ने उसे पकड़ लिया और पेड़ से बांधकर पिटाई कर दी आखिर ग्रामीणों को कानून हाथ में लेने की क्या जरूरत थी पेड़ से बांधकर पीट देना यह कहां का न्याय संगत हो सकता है चोर पकड़े जाने की सूचना पर लोगो की भीड़ जमा हो गई पेड़ से बांधकर काफी देर तक युवक की पिटाई होती रही और युवक चिल्लाता कराहता रहा चोर पकड़े जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को भीड़ के चंगुल से छुड़ाकर अपने साथ थाने ले आई है जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है चोर कहकर युवक को पेड़ से रस्सी से बांधकर पीटने वाले लोगों की अभी तक पुलिस ने गिरफ्तारी नहीं की है।

करारी चोरी का सरगना मंझनपुर से गिरफ्तार

कौशाम्बी। करारी थाना के कस्बा में दो दिन पहले गेस्ट हाउस संचालक सुएब के बंद घर में ताला तोड़कर घुसे चोरों ने 10 लाख रुपए कीमत का सोने चांदी का जेवर पार कर दिया था जब गेस्ट हाउस मालिक वापस घर लौटे तो उन्हें घर में चोरी की जानकारी हुई मामले की सूचना करारी पुलिस को दी गई पुलिस चोरी की घटना के सुराग रस्सी में लगी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कई संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया पकड़े गए लोगों से जब पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ किया तो जानकारी मिली कि मंझनपुर कस्बे में चोरों का सरगना है जिसके यहां चोरी का सामान रखा गया है चोरों की निशानदेही पर पुलिस ने मंझनपुर कस्बे के बाजार से चोरों के सरगना को चोरी के सोने चांदी के जेवर के समेत अपने हिरासत में ले लिया जिससे पुलिस कड़ाई से पूछताछ कर रही है बताया जाता है कि सोमवार की दोपहर एसओजी पुलिस मंझनपुर कस्बे में आई थी और चोरों के सरगना को सोने चांदी के जेवर के साथ पकड़ कर ले गयी है सरगना के पकड़े जाने के बाद उनकी कई दुकानें मंझनपुर कस्बे में धड़ाधड़ बंद हो गई है कहीं पुलिस अन्य दुकानों में छापा मारकर संदिग्ध जेवर को अपने कब्जे में लेकर चली ना जाए इसी आशंका में उनकी कई दुकानें बंद हो गई है मंझनपुर कस्बे से चोरी के जेवरात समेत सराफा कारोबारी के पकड़े जाने के बाद उन्हें बेदाग बरी कराने के लिए कई दलाल टाइप के नेता सक्रिय हो गए हैं जो पुलिस पर दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं सूत्रों की माने तो चोरी का सोने चांदी का जेवर रखने वाले सराफा कारोबारी को पुलिस ने बाइज्जत बरी कर दिया है।

दुर्घटनाग्रस्त कार

सोनभद्र से जयपुर जा रहे कार सवार ट्रक से टकराए

हादसे में बाल-बाल बचा पूरा परिवार दुर्घटना में कार हुई क्षतिग्रस्त

अझुवा कौशाम्बी सोनभद्र में अल्ट्राटेक सीमेंट में नौकरी करने वाला एक परिवार कार से वापस अपने घर राजस्थान जयपुर जा रहा था जैसे ही कार सवार सैनी कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे प्रयागराज कानपुर मार्ग के अझुवा कस्बे के भोला चौराहे के पास पहुंचे आगे जा रहे ट्रक चालक ने अचानक बीच सड़क पर ब्रेक मार दिया जिससे पीछे जा रहे कार सवार ट्रक के पीछे से टकरा गए हैं हादसे में पूरा परिवार बाल बाल बच गया है लेकिन कार क्षतिग्रस्त हो गई है जानकारी के मुताबिक कुंवर पाल चौहान पुत्र किसन सिंह चौहान निवासी सोडाला जयपुर राजस्थान सोनभद्र के राबर्ट्सगंज में अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी में नौकरी करते हैं और परिवार सहित सोनभद्र राबर्ट्सगंज में रहते हैं कुंवर पाल सिंह अपनी पत्नी दो बेटियों के साथ लग्जरी कार से राबर्ट्सगंज सोनभद्र से अपने परिवार सहित अपने घर सोडाला जयपुर राजस्थान जा रहे थे जैसे ही प्रयागराज कानपुर नेशनल हाईवे अझुवा कस्बे के भोला चौराहा के पास पहुंचे आगे जा रहे ट्रक ने ब्रेक मारा ट्रक के पीछे कार ट्रक से टकरा गई जिसमें पूरा परिवार बाल-बाल बच गया मौके से दूसरी गाड़ी करके वह घर के लिए चले गए है।

4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पुलिस ने 10 लाख के सोने चांदी के जेवर व नगदी किया बरामद

अखंड भारत संदेश

महेवाघाट और मंझनपुर कोतवाली अन्तर्गत हुई चोरी की घटनाओं का पुलिस ने किया खुलासा

चोरी के सोने चांदी के जेवर बरामदगी की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक

कौशाम्बी। थाना महेवाघाट अंतर्गत 28 व 29 मार्च 2023 की रात्रि को निखोदा निवासी दिनेश नारायण मिश्र व दलजीत सिंह के हुई चोरी के सम्बन्ध में थाना महेवाघाट में तथा थाना मंझनपुर अन्तर्गत ग्राम लौधना में 27 अप्रैल 2023 की रात शिवबरन सिंह व महेन्द्र सिंह के घर में हुई चोरी के सम्बन्ध मे थाना मंझनपुर में मुकदमा पंजीकृत कर घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियुक्त की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए टीमों को गठित कर घटनाओं के शीघ्र अनावरण हेतु निर्देशित कर इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के सहयोग से प्रकाश में आये अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगी टीमो द्वारा थाना महेवाघाट व थाना मंझनपुर पुलिस बल तथा एसओजी टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मछली बाजार ग्राम अजरौली से अभियुक्तगण शिवकुमार उर्फ छोटू पुत्र ननका यादव निवासी भवनसूरी थाना महेवाघाट खजान्ची पुत्र रामसुहावन निवासी अजरौली थाना महेवाघाट तथा अभियुक्ता इन्द्राणी पत्नी भानू यादव निवासी ग्राम अजरौली थाना महेवाघाट व शोभा देवी पत्नी मुन्नू यादव उर्फ कामता प्रसाद निवासी अजरौली थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर अभियुक्तगण के कब्जे से 168.63 ग्राम पीली धातु के जेवरात (सोना), 3 किलो 711 ग्राम सफेद धातु के जेवरात (चांदी) व एक लाख पांच सौ रुपए नगद बरामद कर बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

सोने चांदी के जेवर बरामद कर पुलिस ने किया चोरी की घटना का खुलासा

जिससे हुआ चोरी के सोने चांदी के जेवरात बरामद पुलिस ने उसे किया बाइज्जत बरी

कौशांबी। करारी कस्बे के हजरत मोहल्ले में मोहम्मद शोएब गेस्ट हाउस वाले के घर में 2 दिन पूर्व हुई 10 लाख रुपए से अधिक चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने सोने चांदी के जेवर बरामद एक आरोपी मोहम्मद अहमद पुत्र मोहम्मद सईद को गिरफ्तार कर लिया है और लिखा पढ़ी करने के बाद पुलिस ने एक आरोपी को जेल भेज दिया है लेकिन जिससे पुलिस ने चोरी के सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए हैं उसे पुलिस ने बरी कर दिया है। बताया जाता है कि सोने चांदी का जेवर मंझनपुर कस्बे के एक स्वर्ण व्यापारी की दुकान से एसओजी पुलिस बरामद करके ले गई है लेकिन पुलिस ने जो खुलासे की जानकारी दी है उसमें स्वर्ण व्यापारी को बाइज्जत बरी कर दिया गया है पुलिस के खुलासे में स्वर्ण व्यापारी का कहीं नाम नहीं है खुलासे में स्वर्ण व्यापारी अभियुक्त नहीं बनाया गया है जिससे पुलिस के खुलासे की चर्चा हो रही है।

न्यूज झरोखा

04 भैंस के साथ दो अभियुक्त किये गए गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस बल द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान दो अभियुक्तों मो0 आमिर पुत्र मो० सईद व असरान पुत्र मकसूद निवासी अहमदपुर असरौली थाना पुरामुफ्ती जनपद प्रयागराज को कमासिन चौराहा के पास से एक अदद वाहन महिन्द्रा पिकअप (यूपी 70 जेपी 6708) से चार राशि भैंस के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

दुवरा चौराहे पर 2 महीने पहले बना नाला हल्की बारिश में टूटा

कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र के दुवरा चौराहे पर 2 महीने पहले लाखों की लागत से नाला का निर्माण कराया गया था लेकिन हल्की बारिश बूंदाबांदी में नाला टूट गया है जल निकासी के लिए बनाए गए नाला के टूट जाने के बाद फिर जल निकासी की समस्या उत्पन्न हो गई है आखिर नाला निर्माण में लगे लोगों ने घटिया क्वालिटी का नाला निर्माण कर सरकारी खजाने से लाखों की रकम निकाल ली लेकिन अधिकारी तमाशबीन बन कर घटिया निर्माण को देखते रह गए इलाके के लोगों ने घटिया नाला निर्माण की जांच कराकर निर्माण करने वाले जिम्मेदारों को दंडित किए जाने की मांग की है।

चोरी की बाइक तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कौशाम्बी पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त अनिरुद्ध सिंह पुत्र जितेन्द्र सिंह निवासी ग्राम चांदेराई थाना पश्चिम शरीरा को बिजिया तिराहे से गिरफ्तार कर कब्जे से एक अदद देशी तमन्चा व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर व एक अदद चाकू तथा एक अदद चोरी की मोटर साइकिल नं वढ 71 ह. 4497. संबंधित थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज बरामद कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन

कौशाम्बी जिला सेवायोजन अधिकारी गौतम घोश ने अवगत कराया है कि 31 मई 2023 को जिला सेवायोजन कार्यालय,राजकीय आईटीआई एवं कौषल विकास मिषन के संयुक्त तत्वावधान में वीबीएस आईटीआई तेरामील सैयदसरावां के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया है कि इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कंपनियों के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। उन्होने इच्छुक अभ्यर्थियों से प्रातः 10.30 बजे पहुॅचने का आग्रह किया।

निरोधात्मक कार्यवाही में 15 अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से पांच थाना पश्चिम शरीरा से तीन थाना पिपरी से एक थाना सदीपनघाट से तीन थाना कोखराज से एक थाना कड़ाधान से दो कुल 15 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

चेकिंग :159 वाहनों पर पुलिस ने की कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 159 वाहनों का ई-चालान किया गया व एक वाहन से 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया तथा दो वाहनों को सीज किया गया।

वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कौशाम्बी पुलिस बल द्वारा सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त निसार पुत्र सुबराती निवासी कोसम चक गुलाम थाना कौशाम्बी को नौहाई तिराहे से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पक्षात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना मोहब्बतपुर पइसा पुलिस द्वारा अभियुक्त रजीत कुमार पुत्र सुरेश कुमार पुत्र निवासी जवई थाना मोहब्बतपुर पइसा को 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू अधिवेशन में कौशांबी के इतिहासकार होंगे सम्मिलित

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। कुल्लू हिमाचल प्रदेश में आयोजित 10झ11 जून 2023 को राष्ट्रीय अखिल भारतीय इतिहास संकलन समिति की बैठक में सम्मिलित होने हेतु अखिल भारतीय इतिहास संकलन समिति कौशांबी इकाई की बैठक 29 मई को जिला संयोजक डॉ अनूप कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में सरस्वती शिशु मंदिर गौसपुर नवावा, सिराथू में संपन्न हुई। बैठक में संयोजक डॉ अनूप त्रिपाठी ने जनपद में सदस्यता विस्तार एवं युवा इतिहासकार परिषद के कुल्लू मनाली के अधिवेशन में शोध पत्र प्रस्तुत करने एवं प्रयागराज में आगामी 23 जुलाई को होने वाले प्रांतीय सम्मेलन की रूपरेखा तैयार की। अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना पर प्रकाश डालते हुए जिला संयोजक डॉ अनूप कुमार ने कहा कि यह सर्व स्वीकृति एवं प्रमाणिक तथ्य है कि भारत का इतिहास देशकाल एवं घटना की दृष्टि से खंडित, विसंगति पूर्ण और विकृत सिद्धांतों पर आधारित है यूरोपीय प्रभुत्व काल में पाश्चात्य मानसिकता से लिखित इतिहास तथ्य, सत्य एवं लेखक तीनों ही कसौटी पर अप्रमाणिक तथा पूर्वाग्रहों से युक्त है। इसलिए स्वतंत्रता के पश्चात सरकारी एवं गैर सरकारी स्तर पर इतिहास संशोधन के अनेक प्रयास हुए और हो रहे हैं। इसी कड़ी में भारत के प्रमाणिक एवं भारतीय काल क्रमानुसार सत्य परक इतिहास पुनर रचना के लिए संकल्पित समाज चिंतक बाबा साहब आप्टे की स्मृति में 1973 ईस्वी में नागपुर में भारतीय इतिहास लेखन संकलन तथा प्रकाशन की दृष्टि से बाबा साहब आप्टे स्मारक समिति की स्थापना हुई। उन्होंने कहा कि बाद में 1994 में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना नामक राष्ट्रीय संगठन दिल्ली में पंजीकृत हुई। कार्यक्रम में उपस्थित जिला महासचिव सूर्य प्रकाश ने कहा कि योजना इतिहास के क्षेत्र में कार्यरत विद्वत जनों का एक राष्ट्रवादी संगठन है। जो इतिहास संस्कृति, परंपरा आदि क्षेत्रों में प्रमाणिक, तथ्यपरक तथा सर्वांग पूर्ण इतिहास लेखन तथा प्रकाशन आदि की दिशा में कार्यरत है। देश एवं विदेशों में रह रहे इतिहास एवं पुरातत्व के विद्वान विश्वविद्यालयों में सेवारत प्राध्यापकों अध्यापक अनुसंधान केंद्रों के संचालक, भूगोल, भौतिक शास्त्र आदि अनेक क्षेत्रों के विद्वान तथा वैज्ञानिक एवं इतिहास में रुचि रखने वाले विद्वत जन इस पुनीत कार्य में जुड़े हुए हैं। इस अवसर पर युवा इतिहासकार अखिलेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए हिमाचल प्रदेश में आगामी संगोष्ठी में उपस्थित होने का अनुरोध किया। बैठक में महिला इतिहासकार शालिनी महेश्वरी युवा इतिहासकार अभिषेक सिंह एवं शिव प्रताप सिंह, आयुष कुमार, अरुण कुमार, दिलीप सेन, सोनाली, कुलदीप, रोहित, नागेंद्र प्रताप सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

नगर पालिका के सभासद के आवास पर समस्या लेकर पहुंचे तमाम महिला पुरुष

अखंड भारत संदेश

सभासद के आवास पर लगी ग्रामीणों की भीड़

कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर 12 कृष्णा नगर के सभासद सूरजभान यादव के आवास पर सोमवार को जन समस्याओं के समाधान के लिए कैंप का आयोजन किया गया था जहां सभासद सूरजभान यादव के आवास पर क्षेत्र के तमाम महिला पुरुष अपनी समस्या लेकर पहुंचे और समस्या समाधान करने के लिए फरियाद की आवास पर आये हुए महिला पुरुषों की समस्याओं को सभासद सूरजभान यादव ने सुना और शीघ्र ही समस्याओं को निस्तारण करवाने का आस्वासन दिया सभासद के आवास पर समस्याएं लेकर पहुंचने वालो में सरोज देवी, लक्ष्मी देवी, सुग्गन देवी, रानी देवी, निर्मला देवी, बृजेंद्र कुमार, विट्ठन, कमला देवी, सुखरानी, सीता देवी ने प्रधानमंत्री आवास के लिए वा गुरु प्रसाद कुशवाहा ने मोहल्ले की जल निकासी हेतु नाली बनवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया, सानू कुमार ने अपने गांव की जल निकासी के लिए प्रार्थना पत्र दिया, नीरज सिंह ने मोहल्ले का रास्ता बनवाने के लिए पत्र दिया भागीरथी सरोज ने मोहल्ले की सड़क बनवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया सभी की समस्याओं को सुनकर सूरज भान यादव ने सभी को आश्वासन दिया कि नगर पालिका परिषद भरवारी के बोर्ड की प्रथम बैठक में आप सभी के समस्याओं को रखा जाएगा और समस्याओं का निस्तारण बहुत ही जल्द कराएंगे इस मौके पर सहयोगी अतुल यादव शेरा यादव शानू कुमार विनीत यादव नीतेश सिंह गुरु प्रसाद कुशवाहा अरविंद यादव पिंटू यादव सहित वार्ड के सम्मानित जनता मौजूद रही।

पानी ठहरेगा जहां मच्छर पनपेगा वहां : सीएमओ

अखंड भारत संदेश

वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण

कौशाम्बी। जनपद में वेक्टर जनित रोगों से निपटने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को ब्लाकवार प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह संवेदीकरण कार्यक्रम तीन दिवस तक चलेगा जिसमे प्रथम दिन मूरतगंज, कड़ा, व मंझन पुर के बेसिक हेल्थ वर्कर, लैब टेक्निशियन, हेल्थ सुरवाईजर को वेक्टर जनित से बचाव एव प्रबंधन के लिए आगे की रणनीति पर कार्य किया जाएगा। यह जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुषेंद्र कुमार ने दी। जिला मलेरिया अधिकारी अनुपमा मिश्रा ने बताया कि आगामी ह्लएक जून से एंटी मलेरिया मंथह्ल मनाने की तैयारी की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को जिला मलेरिया कार्यालय में वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत डेंगू, मलेरिया, फाईलेरिया चिकनगुनिया जैसे वेक्टर जनित रोगों से बचाव के लिए जनजागरूकता व सुविधाओं की जानकारी होना बहुत जरुरी हैं कार्यक्रम के तहत तीन ब्लाक से आये स्वास्थ्य कर्मी के संवेदीकरण के बाद ब्लाक पर जाकर आशा को मलेरिया स्लाइड बनाने पूरा इलाज के लिए जानकारी देंगे साथ ही 1 जून से एंटी मलेरिया मंथ की गतिविधियों को संपन्न करेंगे इसके प्रचार प्रसार के साथ ही सोर्स रिडक्शन, छिडकाव, साफ सफाई के साथ ही संभावित रोगी की कि जाँच अवश्य कराएँ साथ ही जल्द ही शुरू होने वाले आईडीए कार्यक्रम के अंतर्गत मरीज चिन्हीकरण दवा सेवन के बारे में जानकारी दें। उन्होंने कहा कि जिन ब्लाक के स्टाफ ने आज सवेदिकरण में प्रतिभाग किया हैं वह सभी अपने क्षेत्र की आशा को प्रशिक्षित करेंगे।डीएमओ ने कहा कि संचारी रोगों से बचाव के लिए जरुरी हैं कि लोगों में जागरूकता हो और वो भी आस पास के वातावरण को साफ रखे ताकि मच्छर पनपने न पाये। मच्छरों से बचने के लिए रुके हुए पानी के स्थानों को मिट्टी से भर दे। गमलों, छत पर पड़े पुराने टायर, प्रयोग में न आने वाली सामग्री में पानी को एकत्र न होने दें, प्रति रविवार कूलर का पानी बदलें, कूलर के पानी में समय-समय पर मिट्टी का तेल डालते रहें ।घर के आस-पास जल एकत्रित न होने दें। सोते समय मच्छरदानी, ऑल आउट आदि का प्रयोग करें , संभव हो तो पूरी आस्तीन के कपड़े पहने जिससे शरीर के अधिक से अधिक हिस्से को ढक कर रखा जाए और मच्छरों से बचाव किया जाए।

दुल्हन लेकर आ रहे दूल्हे के साथ मारपीट,दूल्हा जख्मी

अझुवा कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक युवक की गैर जनपद से शादी संपन्न होने के बाद दुल्हन विदा कराके आ रहे दूल्हे पर हमला हो गया जिसमे दूल्हा जख्मी हो गया , जख्मी दूल्हे ने मामले की तहरीर पुलिस को देकर कार्यवाही की मांग की है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के लोहंदा निवासी दीपू सिंह पुत्र रामस्वरूप की शादी रायबरेली जनपद के सलवन थाना क्षेत्र के रोहनिया गांव निवासी राकेश की पुत्री मोहिनी की साथ तय थी। दीपू रविवार की शाम परिवार व बारातियों के साथ बारात लेकर रोहनिया गांव गया था जहां द्वारचार के बाद रात में विधि विधान से शादी संपन्न हो गई सोमवार की सुबह शादी की रस्में पूरी होने के बाद दूल्हा दुल्हन को विदा कराके बारातियों के साथ अपने घर के लिए निकला था। दूल्हे का आरोप है की रोहनिया गांव से छः सौ मीटर की दूरी पर अज्ञात लोगो ने उस पर हमला कर दिया हादसे में दूल्हा गंभीर रूप से जख्मी हो गया हादसे के बाद बारातियों में अफरा तफरी मच गई आनन फानन में दूल्हे के पिता ने जख्मी दूल्हे को इलाज के लिए नजदीक के अस्पताल ले गए और इलाज कराया। सोमवार की शाम दूल्हे का पिता वर वधु के साथ सैनी थाने पहुंचा और मामले की जानकारी देते हुए पुलिस से कार्यवाही की मांग की।

संपादकीय

सर्वलोकोपकारिणी बनाने वाली गंगा

भारतीय संस्कृति और सभ्यता के उत्कर्ष में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाली गंगा न केवल हमारे देश की सबसे महान और पवित्र नदी है, अपितु विश्व की सर्वश्रेष्ठ नदियों में अपने अनेक विशिष्ट गुणों के कारण सर्वप्रथम स्थान रखती है। प्राचीन भारतीय सभ्यता-संस्कृति कोसर्वलोकोपकारिणी बनाने में गंगा की लहरों ने ही सर्वप्रथम मानवहृदय को मंगलमयी प्रेरणा दी थी। देश के पावन जीवन में गंगा की निर्मल धारा प्राचीनकाल से अपना महत्वपूर्ण स्थान रखती है। भारत के बहुसंख्यक हिन्दुओं के लिए तो यह घरती पर बहकर भी आकाशवासी देवताओं की नदी है।और इस लोक की सुख-समृद्धियों की विधानहोकर भी परलोक का सम्पूर्ण लेखा-जोखा संवारने वाली है। कृषिकर्म में विशेष सहायक होने के कारण गंगा नदी हमारे देश भर में सबसे अधिक अन्न देने वाली अन्नपूर्णा है। हमारे देश में गंगा की घाटी में सर्वप्रथम कृषिकर्म का श्रीगणेश किया गयां था। यही कारण है कि कृषि प्रधान भारतभूमि में गंगा एक देवी के रूप में मान्य व पूज्य है। पुराणों तथा अन्य आचार ग्रन्थों मेंगंगा के साथ अनेक नदियों के सम्बन्ध में देवीरूप की अनेक कथाएँ अंकित हैं। परिमाण, जलराशि तथा अन्य विशेषताओं के कारण गंगा, यमुना, सिन्धु, गोदावरी, सरस्वती नमंदा तथा कावेरी आदि नदियों की गणना दिव्यश्रेणी में की गई है। भारत की नदियों में पवित्रता एवं माहात्म्य की दृष्टि से सर्वोच्च स्थान रखने वाली गंगा अपने अनेक गुणों के प्रभाव से विश्व की श्रेष्ठतम नदी है। गंगोत्री से लेकर गंगा सागर तक उसकेसैकड़ों तीर्थों तथा अजस्त्रवाहिनी पावनधारा से जितने नर-नारी पशु-पक्षी तथा कीट-पतंग अपना ऐहिक और पारलौकिककार्य चलाते हैं, उतनी संख्या विश्व की किसी महानदी को नहीं प्राप्त है। जो लोग नित्य गंगा में स्नानकरने का पुण्यावसर नहीं निकाल पाते वे केवल दर्शन करने अथवा स्पर्श एवं आचमन करने के लिए थोड़ासागंगा का जल ले जाकर अपने घरों में रखते हैं।अनेक लोग स्नान-पूजनादि के समय गंगाजल के अभाव में केवल गंगा का नामस्मरण करते हैं।इस प्रकार प्रतिदिन इस विशाल देश में करोड़ों व्यक्तियों द्वारा संस्मृत, ध्यानावस्थित, पूजित, मज्जित और पीतगंगा की महिमा की समानता विश्व में कोई भी नदी नहीं कर सकती है।यही कारण है कि प्राचीन काल से लेकर अधुनातन काल तक के भारतीय साहित्य गंगा की महिमा से भरे पड़े हैं। सहस्त्रों वर्षों की उसकी अपार महिमा देश के कण-कण में व्याप्त हो गई है।वैज्ञानिक गंगा जल में हिमालय की औषधियों काप्रभाव होने से उसके जल में कीटाणु नहीं पड़ने की सिद्धि में लगे हैं, तो धार्मिक लोगों के लिए वह प्रुण्यसलिला भगवान-?विष्णुके पद से निकलने के कारण समस्त ऐहिक और पारलौकिक व्याधियों को हरनेवाली बनी हुई है। लौकिक व पौराणिक मान्यतानुसार गंगा का दर्शन करने, पान करने, तथा अवगाहन करने से मनुष्य तर जाता है।गंगा के जल में पापों एवंरोगों को नाश करने की अमोघ शक्ति है। उसकी पावन धारा की कलकलमयी स्वर लहरी को सुन कर भी मनुष्य थोड़ी देर के लिए किसी दूसरे भाव में मग्न हो जाता है। समस्त आनन्दमंगल की विघायिनी, सुख -समृद्धि की प्रदायिनी और समस्त ऐहिक-पारलौकिक विपदाओं की विनाशिनी गंगा के समान कोई अन्य नदी नहीं है। माताके समस्त पालक गुण गंगा में विद्यमान होने के कारण ही गंगा को माता कहा गया है। हैं। यही कारण है प्रत्येक भारतीयों की यह कामना होती है कि वे अन्त समय में वे अपनी प्यारी गंगा माता की गोद में ही अपना चिर शयन करे और उसके शरीर के कण गंगा के ही जल-कण में विलीन हो जायें।गंगा की यह अगाध महिमा चिरकाल से भारतीय प्रतिभा को प्रेरणा देती रही है। सनातन वैदिक धर्म में तो ईश्वर की सत्ता के अनन्तरघरती पर गंगा से बढ़कर कोई आराध्य नहीं है। बौद्ध, जैन आदि सम्प्रदायों में भी गंगा की पवित्रता एवं आध्यात्मिक शक्ति की विचित्रता को स्वीकार किया गया है। गंगा केवल शारीरिक एवं भौतिक संतापों को शान्त करने वालीनहीं मानी गयी है, प्रत्युत आन्तरिक एवं आध्यात्मिक शान्ति का अविनाशी बीज भी उसकी चंचल तरंगों में बहताचला आ रहा है। यही कारण है कि कोई भीहिन्दू उसे नदी के रूप में न तो देखनापसंद करता है,और न दूसरों के मुख से सुनना ही चाहता है। उसकी अन्तिम कामना यही रहतीहै कि मृत्यु के समय उसके मुख में एक बूंद भी गंगा जल कहीं से पड़ जाय। गंगा की लहरों में ऐसाप्रभाव है कि कठोर नास्तिक भारतीय का हृदय भी गंगातट पर पहुँच कर एक बार अपूर्व भावनाओं से भर जाता है। पुराणों में ब्रह्मा, विष्णु, महेश आदि त्रिदेवों का गंगा से निकट सम्बन्ध बताया गया है।

भगवान- विष्णु के पदनख से प्रसूत होकर वह ब्रह्माके कमण्डलु और शिव की जटा में विराजमान हैं। यह सत्य है कि गंगा के साथ होने से किसी भी देवी-देवता की महत्ता में चार चाँद लग जाते हैं। हरिद्वार और प्रयाग का गंगाजल लें जाकर रामेश्वरम्-?के शिव लिंग पर चढ़ाने की पुरानी प्रथा आज भी अनवरत जारी है। ऋग्वेद में गंगा का उल्लेख केवल दो बार -ऋग्वेद 10/75/5, 6/45/31 आया है, परन्तु शतपथ ब्राह्मण के 13/5/4/11, जैमिनीय ब्राह्मण के 3/183 और तैत्तिरीयआरण्यक के 2/10में गंगा का उल्लेख किया गया.है।वाल्मीकि रामायण, महाभारत आदि महाकाव्यों के साथ ही ब्रह्मपुराण अध्याय 8, 71, 72, 73, 74, 76,78, 90, 104, 107, 116, 172, 173, 174, 175, पद्मपुराण (स्बर्ग खंड 16, उ० खंड 23, विष्णुपुराण 8/4,- शिव पुराण ज्ञान संहिता अध्याय 53,54, मत्स्यपुराण अध्याय 105, श्रीमद्भागवत पुराण 16, 17, (१६, देवी भागवत के 2/ 54/ 7, 1/75/36, 7/11/31, वृहन्नारदीय पुराण 61/65/19, मार्केण्डेय पुराण 56, अग्नि पुराण 70, 71, 72, ब्रह्मवेवर्त पुराण प्रकृति खण्ड 6,10, 115, 12, गणेश .खण्ड, रेवा खण्ड 34, 35 ३४, लिग पुराण (पूर्व भाग 52), वराह पुराण 171, भविष्य पुराण प्रथम भाग 8 , द्वितीय भाग 17, स्कन्द पुराण देव काण्ड, दक्ष खण्ड, 21-25, षष्ठ सौर संहिता 6/20, अम्बिका खण्ड 196-197 १९६-१९८, काशी खण्ड 73, नागर खण्ड तीसरा परिच्छेद 22, 23, 15,56, प्रंभास खण्ड 166, 168, ब्रह्माण्ड पुराण 46 तथा वामन पुराण 34, वृहद्धर्म पुराण में गंगा सम्बन्धी कथाएं व विभिन्न विवरणी अंकित हैं।

लोकतांत्रिक सामर्थ्य का अमिट आलेख है नया संसद भवन

ललित गर्ग

आजादी के अमृतकाल की एक महत्वपूर्ण, ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय घटना है नये संसद भवन का देश को भारतीय संस्कृति के अनुरूप अनुष्ठानपूर्वक मिलना। निश्चित रूप से देश के लोकतांत्रिक इतिहास का यह एक यादगार पल है, जिससे लोकतंत्र समृद्ध होते हुए देश को शुद्ध लोकतांत्रिक सांसें देगा। सदियों तक लोकतंत्र के माध्यम से सुशासन दिया जायेगा। इस अनूठी घटना के साथ चिन्तनीय पल भी जुड़े जब सभी प्रमुख विपक्षी दलों को इस अद्भुत अवसर का साक्षी बनना चाहिए था तब अनेक विपक्षी दलों ने नकारात्मकता, संकीर्ण राजनीतिक सोच का परिचय देते हुए संसद के नए भवन के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार करना उचित समझा। ऐसा करके उन्होंने एक महान अवसर को न केवल गंवाने एवं धुंधलाने का काम किया बल्कि लोकतंत्र की बुनियाद से अपनी दूरी बनायी है। जितना भव्य एवं ऐतिहासिक यह समारोह आयोजित हुआ, उतना ही घृणित, निन्दनीय एवं राजनीतिक अपरिपक्वता का उदाहरण बना विपक्ष का विरोध-बहिष्कार। देश की अपनी स्वतंत्र छाप और लोकतंत्र की नई कहानी कहने के लिए नया संसद भवन अगली शताब्दियों के लिए एक नया मजबूत लोकतांत्रिक रूप गढ़ने को तैयार है। जनता के लिए नए फैसले, नये भारत की बुनियाद को मजबूती देने की योजनाएं एवं नीतियां अब इसी भवन से निकलकर आएंगी। लोकतंत्र का प्रतीक नया संसद भवन केवल सत्ताधारी दल या विपक्षी दलों का नहीं है, यह देश की धरोहर है और यह हर भारतीय का है। यह बात विपक्षी दलों की समझ में क्यों नहीं आयी? निश्चित ही खटकने वाली बात रही कि ऐसे महत्वपूर्ण मौके पर विपक्ष ने समझदारी का परिचय न देते हुए अपनी जिम्मेदारी का अहसास कराने की बजाय उन्होंने विरोध की राजनीति को आकार देने

के लिये इस राष्ट्रीय-अनुष्ठान को विरोध के लिये चुना। प्रतीत होता है देश विभाजन का जो आधार रहा, वह विभाजन के साथ समाप्त नहीं हुआ, अपितु अदृश्य रूप में विभाजन का बड़ा रूप लेकर तथाकथित विपक्षी दल रूपी अलोकतांत्रिक दिमागों घुस गया है। नया संसद भवन किसी एक दल का नहीं, समूचे राजनीतिक दलों का मंच है, फिर क्या सोच कर विपक्ष ने इससे दूरी बनायी। यह दुराव एवं बिखराव की सोच सदियों तक दर्ज रहेगी, जब भी इन्हीं विपक्षी दलों में समझदार लोगों का वर्चस्व स्थापित होगा, उस वक्त आज के नेताओं की यह गलत सोच उन्हें परेशान करेंगी। क्योंकि संसद भवन जैसी ऐतिहासिक इमारत सदियों में बनती है। नयी संसद भवन का बनना और उसका उद्घाटन होगा, भारतीय लोकतंत्र की खूबसूरती एवं महत्ता को नये शिखर देने का अवसर था। इस बहिष्कार के कारणों से सहमति-असहमति हो सकती है, लेकिन बड़ी बात यह है कि वे कारण दूर होने चाहिए थे। भारतीय लोकतंत्र की यह खूबी रही है कि तमाम मतभेदों और असहमतियों के होते हुए भी हमारा राजनीतिक नेतृत्व जरूरत पड़ने पर उनसे ऊपर उठने के उदाहरण प्रस्तुत करता रहा है। ऐसे हर मौके पर उसने यह बात साबित किया है, जहां भारत की एकता एवं अखण्डता का प्रश्न आया, सभी एक छतरी के नीचे आकर देश को मजबूती देते रहे हैं। यह संभवतः पहला ऐसा बड़ा मौका है जिसमें दुनिया के सामने हमारे एकता को तार-तार किया है, लोकतंत्र के मन्दिर को विपक्षहीन चेहरा देकर बड़ी भूल की है। ऐसा करके उन्होंने न केवल एक महान अवसर को गंवाने का काम किया, बल्कि यह भी प्रकट किया कि वह देश को गौरवान्वित करने वाले अवसरों पर भी अपनी क्षुद्रता एवं संकीर्णताओं से ऊपर उठने के लिए तैयार नहीं हो पाते। लोकतंत्र में असहमति एवं आलोचना एक स्वस्थ लोकतंत्र की निशानी है और इसे उसी रूप में लेने की जरूरत है, लेकिन हठधर्मिता एवं विध्वंसात्मक नीति से लोकतंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। लोक राज्य, स्वराज्य, सुराज्य, रामराज्य का सुनहरा स्वप्न ऐसे अलोकतांत्रिक विपक्ष की नींव पर कैसे साकार होगा? यहां तो सभी दल अपना-अपना साम्राज्य खड़ा करने में लगे हैं। हालांकि विपक्षी दलों के तमाम अलोकतांत्रिक विरोध एवं उच्छृंखल रवैये के सकारात्मक पहलू यह है कि इस संसद भवन के उद्घाटन समारोह की जो तस्वीर दुनिया के सामने गई वह भारतीय लोकतंत्र को मजबूती देने वाली एवं भाजपा सरकार की स्थिति को सुदृढ़ करने वाली है। बेहतर होता यदि इसके उद्घाटन को लेकर सियासत नहीं होती। तब पूरे विश्व में एकजुटता का संदेश जाता। भारत के लोगों के लिए देश को नई संसद का मिलना एक भावनात्मक राष्ट्रीय मुद्दा है, इससे उनका स्वाभिमान बढ़ा है और भारतीय अपने स्वाभिमान के लिए जाने जाते हैं। उनके लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। अन्य सभी मुद्दे उनके लिए इस अवसर पर गौण हैं।

लगभग एक सदी पूरानी इस संसद भवन की इमारत को मरम्मत और विस्तार से अब तक काम चल गया, लेकिन धीरे-धीरे यह भी स्पष्ट हो गया कि अब सर्वथा नई इमारत अपेक्षाकृत ज्यादा बड़ी, आधुनिक सुविधायुक्त इमारत की जरूरत है। उस लिहाज से कोविड जैसी प्रतिकूलताओं के बीच जितनी कम अवधि में यह पूरी इमारत तैयार कर ली गई, वह निश्चित रूप से काबिले तारीफ है। हालांकि यह सच है कि इसके निर्माण के समय और तरीके को लेकर शुरू से ही असहमतियां भी रहीं, लेकिन एक जीवित लोकतंत्र में यह कोई अनोखी बात नहीं है। सर्वविदित है कि संसद के नए भवन का निर्माण आवश्यक था, इस तथ्य से परिचित होने के बावजूद भी विपक्ष के किसी नेता ने कहा कि उसकी आवश्यकता ही क्या थी तो किसी अन्य ने उसकी तुलना ताबूत से करने की धृष्टता करने में भी शर्म नहीं की। टिप्पणियां तो इससे भी ज्यादा लज्जाजनक एवं शर्मनाक आई और विपक्षी नेताओं को अपने इस तरह के घोर नकारात्मक रवैये पर शर्मिंदा होना चाहिए था, तब वे अपने कुतर्कों की तलाश में लगे रहे। इस भारतीय लोकतंत्र के बड़े सपने के आकार देने महान अवसर से दूरी बनाने के लिए किसी सस्ते बहाने की तलाश करते हुए उन्होंने इसमें खोज निकाला कि उद्घाटन राष्ट्रपति के हाथों क्यों नहीं कराया जा रहा है? यह एक बहाना था और इसका उद्देश्य केवल येन-केन प्रकारेण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कठघरे में खड़ा करना और एक पावन अवसर पर खलल डालना था एवं उसकी गरिमा को धुंधलाना था। क्या इससे विचित्र और कुछ हो सकता है कि जो विपक्षी दल अंग्रेजों के बनाए संसद भवन में बैठने को तैयार थे, वे स्वतंत्र भारत में निर्मित संसद के उद्घाटन में शामिल होने को तैयार नहीं हुए? ऐसे लोगों की राष्ट्रीयता सहज ही शंका एवं संदेह में हैं। नया संसद भवन का लोकार्पण समय की शिला पर लिखा गया एक अमिट आलेख हैं। यह एक सपने को सच में बदलने का अवसर कुछ के लिये गर्व करने का माध्यम बनेगा, वहीं कुछ के लिये अपनी ऐतिहासिक भूलों के लिये पश्चाताप का कारण बनेगा। अस्तित्व को पहचानने, दूसरे के अस्तित्वों से जुड़ने, राष्ट्रीय पहचान बनाने, लोकतंत्र को समृद्ध-शक्तिशाली बनाने और अपने अस्तित्व को राष्ट्र के लिये उपयोगी बनाने के लिये यह स्वर्णिम अवसर था। क्योंकि इस दिन संसद के नए भवन के उद्घाटन के साथ ही एक नए इतिहास का निर्माण हुआ। स्वतंत्र भारत की संसद के नए भवन को जो महत्ता और गरिमा प्रदान की गई, वह समय की मांग थी। संसद के नए भवन का रिकार्ड समय में निर्माण और उसका भारतीयता से पगे विभिन्न धर्मों की प्रार्थनाओं के माहौल में उद्घाटन ने आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से भरे भारत की एक नई झलक पेश की। वास्तु, विरासत, कला, संस्कृति, समृद्ध इतिहास, बलिदानी भारत-निमार्ताओं के साथ संविधान की छवियों को समेटे संसद के नए भवन के भव्य उद्घाटन ने यह विश्वास पैदा करने का काम किया कि अमृतकाल में भारत नई ऊंचाइयां स्पर्श करेगा और उन सपनों को साकार करेगा, जो हमारे राष्ट्र निमार्ताओं ने देखे थे। भारत समृद्ध भी होगा, विश्व गुरु भी होगा, शक्तिशाली भी होगा। प्रेषकः

पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है

किशन भावनानी

वैश्विक स्तर पर दुनिया में दो महाशक्तियों का नाम लंबे समय से गूंजता आया है। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध तो हो गए, परंतु अभी दोनों महाशक्तियों की वर्तमान समय में रूस-यूक्रेन मुद्दे पर भी तनातनी पिछले कई दिनों से चल रही है और दोनों की टकराहट का अंजाम तीसरा विश्वयुद्ध भी होने की संभावना जानकारों द्वारा समय-समय पर व्यक्ति की जा रही है, परंतु हाल में कुछ वर्षों में इन दोनों महाशक्तियों के बीच तीसरी महाशक्ति जिसका नाम भारत है, के उदय होने का आभास वैश्विक चर्चा और रूस यूक्रेन युद्ध में समझौता कराने के लिए, मध्यस्थ के रूप में,उम्मीदों भरी नजरों से देखा जाना, दोनों महाशक्तियों से बहुत अच्छा तथा सुदृढ़ संबंध होना, आईएमएफ द्वारा भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का बयान, मूडीज एजेंसी द्वारा रैंकिंग में भारत को तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था करार देना, जीडीपी की रिपोर्ट सटीक देना, वैश्विक मंचों पर भारत को मिलते हुए महत्व और 22 जून 2023 को भारतीय पीएम के अमेरिका अधिकारिक दौरे और व्हाइट हाउस द्वारा उनके सम्मान में रात्रि प्रीतिभोज का आयोजन करना और अमेरिकी राष्ट्रपति का जी-20-2023 के वार्षिक सम्मेलन में भाग लेने 9-10 सितंबर 2023 को भारत दौरा उनके सटीक और बढ़ते याराने का सबूत है जिसपर दुनिया की नजरें लगी हुई है और दोनों देशों में 28 मई 2023 को अनुकूल पलों जैसे भारत में नए संसद भवन का उद्घाटन और अमेरिका में सरकारी ऋण समझौता को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति और अमेरिकी संसद के अध्यक्ष व अमेरिकी रिपब्लिकन पार्टी के बीच सैद्धांतिक सहमति का बन जाने का ऐतिहासिक पल जिससे अमेरिका के दिवालिया होने से बच जाने, भारत

अमेरिका की दोस्ती के नए आयाम बनने इतिहास के सबसे बड़े लोकतंत्र और अमेरिका के सबसे पुराने लोकतंत्र की ओर दुनिया हसरत भरी नजरों से देख रही है। क्योंकि भारत तेजी से बढ़ती महाशक्ति के रूप में तेजी से उभरता हुआ दिखाई दे रहा है, इसीलिए पांच दशक से पहले अधिक पहले समय से आए वर्ष 1981 में 10 जनवरी को रिलीज हुई हिंदी फीचर फिल्म याराना का अंजान द्वारा लिखा गीत, तेरे जैसा यार कहां कहां ऐसा याराना, याद करेगी दुनिया तेरा मेरा अफसाना गीत को हमारे युवाओं को जरूर सुनना चाहिए। क्योंकि भारत अमेरिका की सकारात्मक दोस्ती संबंधों से नए-नए ऐतिहासिक आयाम लिखे जा सकते हैं,एक और एक ग्यारह का फामूर्ला प्रैक्टिकल में बन जाता है और सुख दुख दोनों कंधों से कंधा मिलाकर जिंदगी रूपी पटरी पर चल रहे जीवन रूपी रेलगाड़ी के दोनों पहिए बनकर नैया पार करते हैं। साथियों बात अगर हम भारत के दुनियां की तीसरी महाशक्ति के रूप में उभरता भारत के इतिहास के पन्नों में दर्ज हो जाने वाला पल, नई संसद भवन का उद्घाटन 28 मई 2023 पर माननीय पीएम के संबोधन की करें तो,एक समय था, जब भारत दुनिया के सबसे समृद्ध और वैभवशाली राष्ट्रों में गिना जाता था। भारत के नगरों से लेकर महलों तक, भारत के मंदिरों से लेकर मूर्तियों तक, भारत का वास्तु, भारत की विशेषज्ञता का उद्घोष करता था। सिंधु सभ्यता के नगर नियोजन से लेकर मौर्यकालीन स्तंभों और स्तूपों तक, चोल शासकों के बनाए भव्य मंदिरों से लेकर जलाशयों और बड़े बांधों तक, भारत का कौशल, विश्व भर से आने वाले यात्रियों को हैरान कर देता था। लेकिन सैकड़ों साल की गुलामी ने हमसे हमारा ये गौरव छीन लिया। एक ऐसा भी समय आ गया जब हम दूसरे देशों में हुए निर्माण को देखकर मुग्ध होने लग गए। 21वीं सदी का नया भारत, बुलंद हौसले से भरा हुआ भारत, अब गुलामी की उस सोच को पीछे छोड़ रहा है। आज भारत, प्राचीन काल की उस गौरवशाली धारा को एक बार फिर अपनी तरफ मोड़ रहा है। और संसद की ये नई इमारत, इस प्रयास का जीवंत प्रतीक बनी है। आज नए संसद भवन को देखकर हर भारतीय गौरव से भरा हुआ है। इस भवन में विरासत भी है, वास्तु भी है। इसमें कला भी है, कौशल भी है। इसमें संस्कृति भी है, और संविधान के स्वर भी हैं।संसद के पुराने भवन में, सभी के लिए अपने कार्यों को पूरा करना कितना मुश्किल हो रहा था, ये हम सभी जानते हैं। टेक्नोलॉजी से जुड़ी समस्याएं थीं, बैठने की जगह से जुड़ी चुनौती थी। इसलिए ही बीते डेढ़ दो दशकों से ये चर्चा लगातार हो रही थी कि देश को एक नए संसद भवन की आवश्यकता है। और हमें ये भी देखना होगा कि आने वाले समय में सीटों की संख्या बढ़ेगी, सांसदों की संख्या बढ़ेगी, वो लोग कहां बैठते ?और इसलिए ये समय की मांग थी कि संसद की नई इमारत का निर्माण किया जाए। और मुझे खुशी है कि ये भव्य इमारत आधुनिक सुविधाओं से पूरी तरह लैस है। आप देख रहे हैं कि इस समय भी इस हॉल में सूरज का प्रकाश सीधे आ रहा है। बिजली कम से कम खर्च हो, हर तरफ लेटेस्ट टेक्नोलॉजी वाले गैजेट्स हों, इन सभी का इसमें पूरा ध्यान रखा गया है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को यह नई संसद एक नई ऊर्जा और नई मजबूती प्रदान करेगी। हमारे श्रमिकों ने अपने पसीने से इस संसद भवन को इतना भव्य बना दिया है। अब हम सभी सांसदों का दायित्व है कि इसे अपने समर्पण से और ज्यादा दिव्य बनाएंगे। एक राष्ट्र के रूप में हम सभी 140 करोड़ भारतीयों का संकल्प ही, इस नई संसद की प्राण-प्रतिष्ठा है। यहां होने वाला हर निर्णय, आने वाली सदियों को सजाने-संवारने वाला है। यहां होने वाला हर निर्णय, आने वाली पीढ़ियों को सशक्त करने वाला होगा। यहां होने वाला हर निर्णय, भारत के उज्ज्वल भविष्य का आधार बनेगा। गरीब, दलित, पिछड़ा, आदिवासी, दिव्यांग, समाज के हर वंचित परिवार के सशक्तिकरण का, वंचितों को वरीयता का रास्ता यहीं से गुजरता है। इस नए संसद भवन की हर ईंट, हर दीवार, इसका कण-कण गरीब के कल्याण के लिए समर्पित है। अगले 25 वर्षों में संसद के इस नए भवन में बनने वाले नए कानून, भारत को विकसित भारत बनाएंगे। इस संसद में बनने वाले कानून भारत को गरीबी से बाहर निकालने में मदद करेंगे। इस संसद में बनने वाले कानून, देश के युवाओं के लिए, महिलाओं के लिए नए अवसरों का निर्माण करेंगे। मुझे विश्वास है, संसद का यह नया भवन, नये भारत के सृजन का आधार बनेगा। एक समृद्ध सशक्त और विकसित भारत, नीति, न्याय, सत्य, मयार्दा और कर्तव्यपथ पर और सशक्त होकर चलने वाला भारत। भारत एक लोकतान्त्रिक राष्ट्र ही नहीं बल्कि लोकतन्त्र की जननी भी है, मदर ऑफ डेमोक्रेसी भी है। भारत आज वैश्विक लोकतन्त्र का भी बहुत बड़ा आधार है। लोकतन्त्र हमारे लिए सिर्फ एक व्यवस्था नहीं, एक संस्कार है, एक विचार है, एक परंपरा है। हमारे वेद हमें सभाओं और समितियों के लोकतान्त्रिक आदर्श सिखाते हैंमहाभारत जैसे ग्रन्थों में गणों और गणतंत्रों की व्यवस्था का उल्लेख मिलता है। हमने वैशाली जैसे गणतंत्रों को जीकर दिखाया है। हमने भगवान बसवेश्वर के अनुभव मंटपा को अपना गौरव माना है। तमिलनाडु में मिला 900 ईस्वी का शिलालेख आज भी हर किसी को हैरान कर देता है। हमारा लोकतंत्र ही हमारी प्रेरणा है, हमारा संविधान ही हमारा संकल्प है। इस प्रेरणा, इस संकल्प की सबसे श्रेष्ठ प्रतिनिधि अगर कोई है तो ये हमारी संसद है। और ये संसद देश की जिस समृद्ध संस्कृति का प्रतिनिधित्व करती है, उसका उद्घोष करती है- शेते निपद्य-मानस्य चराति चरतो भगः चरैवेति, चरैवेति- चरैवेति॥ कहने का तात्पर्य जो रुक जाता है, उसका भाग्य भी रुक जाता है। लेकिन जो चलता रहता है, उसी का भाग्य आगे बढ़ता है, बुलंदियों को छूता है। और इसलिए, चलते रहो, चलते रहो। गुलामी के बाद हमारे भारत ने बहुत कुछ खोकर अपनी नई यात्रा शुरू की थी।

नई चुनौतियों के घेरे में आज की पत्रकारिता

सुनील कुमार महला

जय श्री राम। आज जब यह आर्टिकल लिख रहा हूँ, तब तीस मई का दिन है। तीस मई अर्थात हिंदी पत्रकारिता दिवस। यहां जानकारी देना चाहूंगा कि वास्तव में लोकमंगल की भावना ने ही पत्रकारिता को जन्म दिया है और पत्रकारिता लोकतन्त्र का अविभाज्य अंग है। यहां सबसे पहले बात करते हैं पत्रकारिता की, कि पत्रकारिता है क्या ? तो जानकारी देना चाहूंगा कि पत्रकारिता शब्द अंग्रेजी के ह्यजर्नलिज्मह्ल का हिन्दी रूपांतरण है और ह्यजर्नलिज्मह्ल शब्द ह्यजर्नलह्ल से निर्मित है जिसका अर्थ होता है ह्यदैनिकीह्ल, ह्यदैनंदिनीह्ल, ह्यरोजनामाह्ल अर्थात जिसमें दैनिक कार्यों का विवरण हो। वास्तव में, आज जर्नल शब्द ह्यमैगजीनह्ल, ह्यसमाचार पत्रह्य, ह्यदैनिक अखबारह्ल का द्योतक हो गया है। ह्यजर्नलिज्मह्ल यानी पत्रकारिता का अर्थ समाचार पत्र, पत्रिका से जुड़ा व्यवसाय, समाचार संकलन, लेखन, संपादन, प्रस्तुतीकरण, वितरण आदि। सर्वप्रथम हिंदी पत्रकारिता से जुड़े समस्त पत्रकार बंधुओं, एजेंसियों, संपादकों,विज्ञापकों,लेखकों, साहित्यकारों सभी को इस लेखक की तरफ से बहुत बहुत बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं। जैसा कि आप सभी यह बात जानते ही हैं कि पत्रकारिता लोकतन्त्र का चौथा स्तंभ है। पत्रकारिता का उद्देश्य ही लोगों को कुछ नया, कुछ दिलचस्प और उपयोगी बताना है जो वे नहीं जानते। यहाँ यह बात बताना बहुत जरूरी है कि आज गली गली मोहल्ले मोहल्ले पत्रकार पैदा हो रहे हैं, जिन्हें पत्रकारिता का "क" का भी ज्ञान नहीं है, वे भी पत्रकार बन रहे हैं। बहुत बार पुलिस द्वारा फर्जी पत्रकार पकड़े जाते हैं। बहुत से लोग अपने निजी वाहनों पर प्रैस शब्द का गलत इस्तेमाल करते हैं। इससे पत्रकारिता व पत्रकारों की साख को बट्टा लग रहा है। ऐसे भी पत्रकार हैं जो सूचना व खबर में अंतर नहीं कर पाते। खबर व सूचना में अंतर होता है। सूचना, खबर नहीं होती। खबर वह है जिसे कोई व्यक्ति समाज से छिपाने का प्रयास कर रहा हो। पत्रकारिता की भाषा में ही खबर की परिभाषा को हम कुछ यूं समझ सकते हैं। कुत्ता आदमी को काट ले तो वह खबर का हिस्सा नहीं है लेकिन यदि आदमी कुत्ते को काट ले तो वह खबर का हिस्सा है। कुल मिलाकर बात यह है कि जिस पर यकायक कोई विश्वास नहीं करें, वही खबर है। कुत्ते द्वारा आदमी को काटना एक स्वाभाविक व प्राकृतिक प्रक्रिया है, जबकि आदमी द्वारा कुत्ते को काटना, देखने को नहीं मिलती। इसीलिए यह खबर है। सच तो यह है कि पत्रकारिता सोये हुए को जगाने का काम करती हैं। जिन तथ्यों को समाज से छिपाने का कार्य किया जा रहा हो, उनको समाज के समक्ष लाने का काम पत्रकारिता, पत्रकार ही करतें हैं। यह पत्रकारिता ही होती हैं जो न केवल समाज को आइना दिखाने का कार्य करती है बल्कि समाज को एक नई दिशा एवं दशा भी प्रदान करने का भी कार्य करती है। निष्पक्ष व निर्भीक पत्रकारिता ही लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करती है, लेकिन प्राचीन काल की तुलना में पत्रकारिता के मूल्यों में अनेक कमियां देखने को मिली है। आज पेड पत्रकारिता जन्म ले चुकी हैं। सच्ची पत्रकारिता से समाज को नवीन दिशा मिलती हैं और समाज के साथ देश भी आगे बढ़ता है। महात्मा गांधी जी के अनुसार, 'पत्रकारिता के तीन उद्देश्य हैं- पहला जनता की इच्छाओं, विचारों को समझना और उन्हें व्यक्त करना है। दूसरा उद्देश्य जनता में वांछनीय भावनाएं जागृत करना और तीसरा उद्देश्य सार्वजनिक दोषों को नष्ट करना है। खैर, जो भी हो पत्रकारिता दिवस के क्या मायने हैं, हिंदी का पहला अखबार कौनसा था,इसके बारे में यहाँ थोड़ी बात करते हैं। बताना चाहूंगा कि 'उदन्त मार्तण्ड' को पहला हिंदी भाषी अखबार होने का दर्जा प्राप्त है, जो एक साल भी नहीं छप सका। वैसे, भारतवर्ष में आधुनिक ढंग की पत्रकारिता का जन्म अठारहवीं शताब्दी के चतुर्थ चरण में कलकत्ता, बंबई और मद्रास में हुआ। 1780 ई. में प्रकाशित हिके का ह्लकलकत्ता गजटह्ल कदाचित इस ओर पहला प्रयास या प्रयत्न था। समय के साथ पत्रकारिता कई बदलावों से गुजरी है, आज सोशल नेटवर्किंग साइट्स का जमाना है और जैसे-जैसे सोशल मीडिया का प्रचलन बढ़ रहा है, पत्रकारिता एक और नया रूप लेती जा रही है।

कुत्ता बनने की चुगली

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

मैं अपने गांव का कुत्ता हूं। बस्ती वालों पर आपदा बाद में आती है उससे पहले मैं भौंक देता हूँ। मेरे इस भौंकने और कुत्तागिरी के बारे में आए दिन समाचार पत्र वाले छापते भी हैं। ऐसा नहीं है कि वे हमें शौक से छापते हैं बल्कि उन समाचार पत्रों के संवाददाताओं-संपादकों से हमारा उठना-बैठना नियमित रूप से चलता है। वे जो चाहते हैं हम वह देते हैं। इस हाथ दे उस हाथ ले पॉलिसी का ईमानदारी से पालन करना मेरे खून में रचा-बसा है। इधर कुछ दिन पहले प्रधानी के चुनाव के बारे में समाचार पत्रों में खबर छपी। मैं इस खबर से बड़ा खुश था। सोचा हमारी कुत्तागिरी और चाटुकारिता को कोई न कोई पार्टी अवश्य रेखांकित करेगी और हमें टिकट देगा। इसी प्रतीक्षा में कुछ दिन बीत गए। फिर मैं सोचने लगा यह तो पार्टी का टिकट है न कि कोई बीमारी का, जो खुद ब खुद चल कर मेरे पास आएगी। सो मैंने निर्णय किया कि मैं ही चलकर फलाना-फलाना पार्टी कार्यालय से टिकट ले लेता हूं। टिकट बांटने वाले माहौल में एक बार के लिए भगवान के दर्शन हो सकते हैं लेकिन पार्टी अध्यक्ष के नहीं। कई नई चप्पलों को घिसवाकर या यूं कहें कि शहीद करवाकर पार्टी अध्यक्ष से भेंट की। पार्टी अध्यक्ष ने मुझे फट से पहचान लिया और कई सारे उम्मीदवारी के इच्छार्थियों के साथ-साथ मुझे भी एक आवेदन पत्र दे दिया। आवेदन पत्र में नाम, पता, पढ़ाई, अनुभव तथा संपर्क के बारे में पूछा गया था। मैंने बिना देरी किए आवेदन पत्र भरकर पार्टी अध्यक्ष को दे दिया। उनसे पूछा कि मुझे कैसे पता चलेगा कि मेरी उम्मीदवारी पक्की हुई या नहीं। अध्यक्ष ने धूर्त मुस्कान पेंकते हुए कहा - तुम्हें छोड़कर कोई दूसरे उम्मीदवार का नाम सुनाई देने लगे तो समझ जाना कि तुम्हारा आवेदन पत्र कूड़ेदान में फेंक दिया गया है। मेरा आवेदन पत्र कूड़ेदान की बाहों में सजा दिया गया। मुझसे रहा नहीं गया। मैं दौड़े-दौड़े पार्टी कार्यालय पहुंचा। वहां अध्यक्ष से मिलने की लाख कोशिश की, लेकिन परिणाम जीरो बटा लूल था। मेरी छटपटाहट को देख वहां का चपरासी मुझसे कहने लगा आपका आवेदन तो पहले ही दिन कूड़े की भेंट चढ़ चुका था।

सड़क पैच वर्क मे खेली जा रही भ्रष्टाचार की होल, लोनिवि का कारनामा

अखंड भारत संदेश

मानिकपुर/चित्रकूट। मानिकपुर तहसील के इटवाडुडैला से कुसमी गांव तक सड़क निर्माण में चल रहे पैच वर्क में भारी धांधली की जा रही है। पैच वर्क में ठेकेदार पर नकेल नहीं कसी जा रही। सोमवार को मानिकपुर तहसील के इटवाडुडैला से कुसमी सम्पर्क मार्ग के पैच वर्क में भ्रष्टाचार का खेल खेला जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे सड़कों के पैच वर्क में जमकर धांधली हो रही है। इससे सडक अल्प समय में बिखर जाएगी। पैच वर्क में रंगीपुती गिट्टी डाली जा रही है। रंगीपुती गिट्टी बिछाकर पैच वर्क किया जा रहा है। उस पर तारकोल बिछाई जा रही है। सड़क निर्माण में लोनिवि खुलकर भ्रष्टाचार कर रहा है। मानिकपुर क्षेत्र के इंटवा डुड़ैला से कुसमी गांव तक सड़क निर्माण में पैच वर्क चल रहा है। पैच वर्क शुरू होते ही भ्रष्टाचार का खेल शुरू हो गया है। एक ओर सड़क निर्माण कार्य से ग्रामीण खुशी जता रहे हैं तो वहीं भ्रष्टाचार से ग्रामीणों की खुशी काफूर हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के पैच वर्क इंजीनियर व ठेकेदार जमकर धांधली कर रहे हैं। ग्रामीणों ने पैच वर्क के कार्यों में जांच कराने की मांग जिलाधिकारी से की है।

अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस में जार्डन में खेलेंगे शशिभूषण

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिले के निवासी/चित्रकूट स्पोर्ट्स क्लब के सदस्य शशिभूषण सिंह का अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस फेडरेशन से आयोजित टेबल टेनिस प्रतियोगिता को चयन हुआ है। वे भारत का प्रतिनिधित्व जॉर्डन की राजधानी अम्मान में होने वाली अल वाटनी इंटरनेशनल पैरा टेबल टेनिस में एक से तीन जून तक करेंगे। 18 देशों के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे।

सोमवार को शशिभूषण सिंह पैरा व्हीलचेयर की कठिन कैटेगरी क्लास फाइव के प्लेयर है। 2017 से लगातार प्रदेश की ओर से नेशनल प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए 2020 और 2021 में कांस्य पदक विजेता रहे हैं। शानदार प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। शशिभूषण सिंह उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के तहत प्राथमिक विद्यालय पतौडा में प्रधानाध्यापक पद पर कार्यरत हैं। उनके विद्यालय के कई विद्यार्थी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर पदक जीत चुके है।

उनके चयन पर सभी मित्रों ने शुभकामनाएं देकर चित्रकूट रेलवे स्टेशन पर विदाई दी। जिनमें जिला वॉलीबाल संघ के पूर्व अध्यक्ष रतन सिंह, राजेश सोनी, चित्रकूट स्पोर्ट्स क्लब के संयोजक कमलेश आर्य, सदस्य कमरूल भाई, ब्लाक व्यायाम शिक्षक महेंद्र सिंह आदि रहे।

मथुरा अवैध कॉलोनियों व निर्माण को लेकर जिलाधिकारी सख्त

मथुरा। जिलाधिकारी ने मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकारण, संबंधित एसडीएम, संबंधित सीओ, जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि जनपद के विभिन्न मार्गों के किनारे व खादर में अवैध रूप से प्लॉटिंग का कार्य हो रहा है उसका सत्यापन करें। ऐसे निमार्णों के विरूद्ध कार्रवाई करें। बीते दिवस जिलाधिकारी पुलकित खरे ने गोवर्धन छाता मार्ग पर भ्रमण के दौरान यह देखा कि इस मार्ग के दोनों तरफ खेतों में प्लाटिंग / निर्माण कार्य किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने मथुरा- ने वृन्दावन विकास प्राधिकरण के सचिव, उप जिलाधिकारी छाता, क्षेत्राधिकारी छाता तथा अपर मुख्य अधिकारी को निर्देशित किया है कि यह सुनिश्चित कि रोड के दोनों तरफ किसी भी गाटे में हो रहा निर्माण प्लॉटिंग वैध है सक्षम प्राधिकारी (मथुरा- वृन्दावन विकास प्राधिकरण जिला

पंचायत) से नियमानुसार अनुमति प्राप्त करके ही किया जा रहा है या नहीं। सभी अधिकारी समन्वय करते हुए 28 मई तक गोवर्धन छाता मार्ग के दोनों ओर के प्रत्येक गाटे का गाटावार निरीक्षण करें। अवैध निर्माण प्लाटिंग पाए जाने की दशा में नियमानुसार कार्यवाही करें तथा 30 मई तक नजरी नक्शा के साथ गाटावार रिपोर्ट उनके समक्ष को प्रस्तुत करें।

जिलाधिकारी पुलकित खरे के संज्ञान में आया है कि खादर क्षेत्र के ग्रामों में - बिना अनुमति के अवैध रूप से प्लॉटिंग निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने मथुरा- वृन्दावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को भौतिक सत्यापन टीम गठित करते हुए एक से सात जून तक विशेष अभियान के चलाने के निर्देश दिए । राजस्व विभाग की ओर से सम्बंधित तहसील के तहसीलदार को इस विशेष अभियान हेतु नामित किया गया है। अभियान के उपरान्त सम्बंधित टीम द्वारा यह प्रमाणीकरण दिया जाएगा कि कोई भी अवैध निर्माण कार्य नहीं पाया गया। यदि अवैध निर्माण पाया गया हो तो उसके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई।

'इवेंट मैनेजमेंट के नौ साल': सपा, बसपा ने भाजपा की 'उपलब्धियां' गिनाई

लखनऊ। समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के पास केंद्र में नौ साल पूरे कर रही मोदी सरकार की तारीफ के लिए शब्द नहीं हैं। समाजवादी पार्टी जहां केंद्र सरकार के प्रदर्शन की जमकर आलोचना कर रही है, वहीं बसपा अपने विचार व्यक्त करने में 'नरम' नजर आ रही है। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी कहते हैं, नौ साल सिर्फ इवेंट मैनेजमेंट में गुजरे हैं। ये कई मोर्चों पर नाकामी के साल हैं। मोदी सरकार ने 2014 में जो वादा किया था, उसमें से कोई भी प्रोजेक्ट पूरा नहीं हुआ। सौ स्मार्ट सिटी अभी भी सपना हैं। जबकि 'मेक इन इंडिया' एक नॉन-स्टार्टर बना हुआ है।

उन्होंने कहा, अब सरकार में कोई भी किसान की आय दोगुनी करने की बात नहीं करता है। केंद्र सरकार ने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था। नफरत की राजनीति पर भी कोई रोक नहीं है। नौकरियां पैदा करने में सरकार बुरी तरह विफल रही है। चुनाव जीतना मोदी सरकार की एकमात्र प्राथमिकता है। मैं कहूंगा कि यह अधिकतम हेडलाइन प्रबंधन और न्यूनतम शासन की सरकार रही है।

दूसरी ओर, बहुजन समाज पार्टी मोदी सरकार पर दलितों और समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों के लिए पर्याप्त काम नहीं करने और वोट पाने के लिए केवल झूठे वादे करने का आरोप लगाती है।

पूछे जाने पर बसपा के एक पदाधिकारी ने कहा, केंद्र ने दलितों के लिए कुछ नहीं किया है और वोट पाने के लिए धार्मिक ध्रुवीकरण का उपयोग किया है। हालांकि, समाजवादी पार्टी को भी दोषी ठहराया जाना चाहिए क्योंकि उसने कभी भी दलितों के लिए वास्तविक चिंता नहीं दिखाई है। यहां तक कि कांग्रेस ने भी दशकों तक हमें बेवकूफ बनाया है।

डीएम ने एयरपोर्ट समेत विभिन्न निर्माण कार्यों को देखा

समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य करायें

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने एयरपोर्ट देवांगना घाटी के नीचे निमार्णाधीन सर्किट हाउस, स्टेडियम में निमार्णाधीन मल्टीपरपज हॉल, जिम हाल एवं ऑडिटोरियम निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया।

सोमवार को जिलाधिकारी ने एयरपोर्ट के निरीक्षण में एप्रोच रोड, बाउंड्रीवॉल निर्माण, पुराना रनवे, एप्रेन, टर्मिनल बिल्डिंग, गेस्ट हाउस आदि निर्माण कार्यों को देखा। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों एवं राइट्स संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एप्रोच रोड की बाउंड्रीवॉल का निर्माण मैन पावर बढ़ाकर किया जाये। प्रत्येक दशा में ये कार्य 15 जून तक पूरा हो जाये। छोटा रनवे के एप्रेन के कार्य में तेजी लायें। बीसी तथा डीसी कार्य करायें। नए रनवे की बाउंड्रीवाल का निर्माण भी कराएं। जो छोटे रनवे के पास सामग्री पड़ी है उसे तत्काल हटायें। उन्होंने एडीएम कुंवर बहादुर को निर्देश दिए कि एयरपोर्ट निर्माण कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा करें। देवांगना घाटी के नीचे निमार्णाधीन सर्किट हाउस के निरीक्षण में सहायक अभियंता लोनिवि को निर्देश दिए कि कार्यों में तेजी लायें। समीक्षा बैठक में निर्देश के बाद भी कार्य में तेजी नहीं हुई। सीडीओ अमृतपाल कौर से कहा कि एक्सईएन लोनिवि व सहायक अभियंता को शोकॉज नोटिस दें। ठेकेदार के खिलाफ दो लाख रुपए की पेनल्टी लगायें। बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य भी तेजी से करायें। पेमेंट जब समय से हो रहे हैं तो धनराशि की कोई समस्या नहीं है तो कार्य में तेजी क्यों नहीं आ रही। मैनपावर बढ़ाकर कार्य जल्द करायें। 20 जून तक हा हाल में कार्य पूरा हो जाये। सहायक अभियंता को निर्देश दिए कि सर्किट हाउस के निर्माण कार्यों में एक सप्ताह के भीतर तेजी नहीं आई तो कार्यवाही की जायेगी।

जिलाधिकारी ने ऑडिटोरियम को देखा, परियोजना प्रबंधक राजकीय निर्माण निगम को निर्देश दिए कि वॉल पेंटिंग फिनिशिंग के कार्य के साथ फाल सीलिंग विद्युतीकरण करायें। समीक्षा बैठक में वॉल पेंटिंग फ्लोरिंग के कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए थे, अभी तक कार्य शुरू नहीं हुआ। खफा होते हुए डीएम ने सीडीओ से कहा कि संबंधित ठेकेदार के खिलाफ एक लाख रुपए की पेनाल्टी लगायें। शासन से निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाए। जिलाधिकारी ने स्टेडियम में निमार्णाधीन मल्टीपरपज हाल एवं जिम हाल का निर्माण कर निरीक्षण कर अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सुधीर कुमार को निर्देश दिए कि शटरिंग तत्काल कराकर लेंटर डलवायें। वायरिंग फ्लोरिंग का भी कार्य करायें। इंटरलॉकिंग भी कराएं। मल्टीपरपज हाल के निर्माण पर अधिशासी अभियंता यूपी सिडकों को निर्देश दिए कि तत्काल छत डलवायें। शासन से निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराये।

पीएम स्वनिधि से एक जून को करायें भव्य महोत्सव: डीएम

शुभारम्भ को जनप्रतिनिधियों से करें वार्ता

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने पीएम स्वनिधि महोत्सव के आयोजन बाबत बैठक में कहा कि एक जून को पीएम स्वनिधि योजना के तहत एक दिवसीय स्वनिधि महोत्सव जिला स्तर पर होगा।

सोमवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने एडीएम कुंवर बहादुर सिंह से कहा कि महोत्सव को समिति गठित करें। महोत्सव में सभी बैंकों के स्टाल लगवायें। जो वेंडर्स हैं, उनके भी तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के स्टाल लगवाए। श्रम, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल विकास, खाद्य एवं रसद आदि विभागों की भी विभागीय योजनाओं के स्टाल लगाकर लोगों को शासन से संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाए।

महोत्सव के शुभारंभ को जनप्रतिनिधियों से वार्ता करें। नुक्कड़ नाटक से योजनाओं का प्रचार करायें। रंगोली भी बनवायें। उन्होंने एएसडीएम रामजन्म यादव से कहा कि बेन्डर्स से चित्रकला, वॉल पेंटिंग, व्यंजन बनाने की प्रतियोगिताएं भी करायें। योजना के तहत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय ऋण आवेदकों के ऋण मंजूर करायें। योजना के तहत अच्छी ऋण साख डिजिटल लेनदेन का प्रयोग करने वाले वेंडर्स को चिन्हित कर प्रथम दस को सम्मानित करें। महोत्सव की वीडियोग्राफी करायें। महोत्सव को धूमधाम से मनायें। आयोजन स्थल पर पार्किंग, बिजली, पानी, साफ-सफाई, सुरक्षा की चैकस व्यवस्था की जाये।

बैठक में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एएसडीएम रामजन्म यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, अधिशासी अधिकारी राजापुर बीएन कुशवाहा, बाल विकास परियोजना अधिकारी कर्वी पीडी विश्वकर्मा, बैंक अधिकारी मंजय कुमार, जिला समन्वयक डूडा संतोष कुमार पटेल समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

अभियान चलाकर दुरुस्त करायें खतौनियां: डीएम

30 मई से 31 जुलाई तक चलेगा अभियान

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने उप जिलाधिकारी राजापुर, मऊ, मानिकपुर एवं कर्वी से कहा कि निर्विवाद उत्तराधिकार को 30 मई से 31 जुलाई तक अभियान चलाकर खतौनियों में दर्ज कराये। शासन से मिले पत्र के निर्देश के क्रम में आवेदन की प्रक्रिया बाद निर्विवाद उत्तराधिकार को खतौनियों में दर्ज कराने का अभियान 30 मई से 15 जून तक राजस्व/तहसील अधिकारी भ्रमण कर राजस्व गांवों में प्रचार-प्रसार कर करायेंगे। सोमवार को जिलाधिकारी ने कहा कि खतौनियों को पढ़ने तथा लेखपाल के वरासत को प्रार्थना पत्र लेकर ऑनलाइन भरने का अभियान 16 जून से एक जुलाई तक चलेगा। क्षेत्रीय लेखपाल 29 अक्टूबर 2018 को दी व्यवस्था में लेखपाल ऑनलाइन जॉच प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही करेंगे। दो जुलाई से 17 जुलाई तक राजस्व निरीक्षक शासन के आदेश पर जांच एवं आदेश पारित करने की कार्यवाही करेंगे। दो से 17 जुलाई तक राजस्व निरीक्षक कार्यालय में राजस्व निरीक्षक के नामांतरण आदेश के बाद खतौनी में प्रविष्टियों को भूलेख साफ्टवेयर में दुरुस्त करेंगे। 18 से 23 जुलाई तक एसडीएम, तहसीलदार, लेखपाल, राजस्व निरीक्षक प्रमाण पत्र देंगे कि उनके क्षेत्र के राजस्व गांवों में निर्विवाद उत्तराधिकार का कोई मामला शेष नही है। 24 से 31 जुलाई तक अभियान के अन्त में जिले की प्रत्येक तहसील के दस फीसदी राजस्व गांवों को औचक चिन्हित कर अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारियों व अन्य जिले के अधिकारी तथ्यों की जांच करेंगे, निर्विवाद उत्तराधिकार का कोई मामला नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि 16 जून, एक जुलाई व 17 जुलाई को जिले की प्रगति रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में परिषद की वेबसाइट पर फीड करायें। राजस्व परिषद में पाक्षिक रिपोर्ट शासन को उपलब्ध करायें। सात अगस्त को राजस्व परिषद सम्पूर्ण अभियान की प्रगति रिपोर्ट शासन को भेजी जाये।

डीएम-एसपी ने ब्लैक स्पाट को किया चिन्हित

शहरीकरण के विभिन्न कार्यों की समीक्षा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की मौजूदगी में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने प्रमुख चैराहों पर सिग्नल व्यवस्था, जेब्रा क्रॉसिंग, फुटपाथ चिन्हांकन, हेलमेट, सीट बेल्ट, मोबाइल फोन, रांग साइड ड्राइविंग, ओवर स्पीडिंग, ओवरलोडिंग, रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप के विरुद्ध, ब्लैक स्पॉट्स सुदृढ़ीकरण, पब्लिसिटी वैन के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने, सड़कों पर लेन व्यवस्था, चालकों परिचालकों को नेत्र शिविर, पेट्रोल पंपों पर हेलमेट, सीट बेल्ट को बैनर-पोस्टर से जनजागरूकता चलाने, मृतकों, घायलों को सहायता राशि वितरण की बाबत समीक्षा की।

सोमवार को जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों से कहा कि परिवहन और पुलिस ने मुख्य सड़क पर ब्लैक स्पॉट चयनित किये हैं। उसमें कार्य कराएं। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी से कहा कि चिन्हित ब्लैक स्पॉट को विश्वकर्मा पोर्टल पर फीड कराएं। सीओ यातायात से कहा कि चिन्हित ब्लैक स्पॉट का मौके पर निरीक्षण करें। वर्ष 2022 के चिन्हित स्थानों पर क्या कार्य हुआ है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी यातायात ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करें। खनिज अधिकारी क्रशर यूनियन के साथ परिवहन विभाग की बैठक कराकर स्वास्थ्य विभाग की टीम लगाकर चालक व परिचालक का स्वास्थ्य परीक्षण करायें।

उन्होंने डीएसओ से कहा कि प्रत्येक पेट्रोल पंपों पर सड़क सुरक्षा बाबत पोस्टर-बैनर लगवायें। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन से सड़क सुरक्षा बाबत निदेर्शों पर कार्यवाही कराएं। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने कहा कि गुड सेमेरिटन में सतर्क रहकर कार्य करें। जो भी व्यक्ति घटना की जानकारी दें उसे सम्मानित करायें, इसकी सूची दें। बैठक में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम राजबहादुर, मऊ नवदीप शुक्ला, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, सीओ यातायात निष्ठा उपाध्याय, राजापुर शीतला प्रसाद पांडेय, एआरटीओ विवेक शुक्ला, जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

तीन बच्चों की माँ तीन माह से लापता, बच्चों को लिए भटक रहा पति

झाँसी। शादी के 10 साल बाद तीन बच्चों की माँ अचानक लापता हो गयी। पुलिस ने उसकी गुमशुदगी तो दर्ज कर ली, लेकिन अब तक महिला का कोई सुराग नहीं लग सका है। परेशान पति तीनों बच्चों को लेकर थाने से अधिकारियों तक की चौखट पर भटक रहा है। लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही है। परेशान पति ने कहा कि अब वह हार चुका है, यदि पत्नी नहीं मिली तो तीनों बच्चों को साथ लेकर गलत कदम उठा लेगा।

मामला प्रेमनगर थाना क्षेत्र के हंसारी का है। यहाँ के राय मुहल्ले में रहने वाले सुरेंद्र राय ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह अपने पिता के साथ सब्जी का ठेला लगाता है। उसकी शादी वर्ष 2013 में शिवपुरी मप्र के ग्राम वीरा निवासी राकेश राय की पुत्री खुशबू से हुई थी। खुशबू के गांव का गोलू नामक व्यक्ति उसके घर अक्सर आता था, जिसे वह अपना चचेरा भाई बताती थी। 23 फरवरी 23 को जब वह घर लौटा तो पत्नी घर से गायब थी और जेवर आदि भी नहीं थे। इसकी सूचना थाने पर दी, तो एक माह बाद 30 मार्च को गुमशुदगी दर्ज की गई। लेकिन पत्नी अब भी बेसुराग है। वह थाने से लेकर एसएसपी तक गुहार लगा चुका है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उसका कहना है कि अब उसे कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा है।

उद्यमी ने एसडीएम पर रिश्वत मांगने के लगाये आरोप, उद्यमी का तालाब में बना है घर, जिले के चैथे नम्बर के हैं अतिक्रमणकारी: एसडीएम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। यूपी ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट में जिले में 48 करोड़ रुपए की लागत से उद्योग लगाने के एमओयू पर हस्ताक्षर करने वाले उद्यमी ने प्रशासन के कुछ अधिकारियों पर कमीशन मांगने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पहले हैसियत प्रमाण पत्र को फिर चरित्र प्रमाण पत्र को रिश्वत मांगी गई। यह रकम लाखों में होने से नहीं दे सके तो उनके चरित्र प्रमाण पत्र पर गलत आख्या लगा दी गई है। उन्होंने सीएम को ट्वीट कर निराशा जताई और एमओयू निरस्त कराने की मांग की है।

सोमवार को जिले के मानिकपुर शास्त्रीनगर निवासी संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि मेसर्स अग्रवाल प्रिकॉस्ट के नाम से ग्लोबल इनवेस्टर समिट लखनऊ व फिर चित्रकूट में हुई मीटिंग में 48 करोड़ रुपए के एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। दो सौ लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य है। इस काम को आगे बढ़ाने को हैसियत व चरित्र प्रमाण पत्र बनवाने शुरू किये। जिस पर एसडीएम मानिकपुर ने उनसे इन प्रमाण पत्रों के लिए एमओयू करार का दस फीसदी रिश्वत मांगा। इसे न देकर सांसद आरके पटेल से शिकायत की तो हैसियत प्रमाण पत्र जारी कर दिया। चरित्र प्रमाण पत्र के लिए चक्कर लगवाये। परेशान होकर उन्होंने सीएम को ट्वीट कर मामले की जानकारी दी और करार निरस्त कराने की मांग की है। आरोप लगाया कि जिला मुख्यालय से सारी रिपोर्ट जाने के बाद मानिकपुर एसडीएम ने उनकी गलत रिपोर्ट लगाकर चरित्र प्रमाण पत्र को भेज दिया।

एसडीएम मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव ने कहा कि यह आरोप बेबुनियाद हैं। उन्होंने किसी चरित्र प्रमाण पत्र में गलत रिपोर्ट नहीं लगाई न रिश्वत मांगी है। उद्यमी संजय जिले के टॉपटेन अतिक्रमणकारियों में चैथे स्थान पर हैं। तालाब की जमीन पर उनका भवन बना है। इस मामले का मुकदमा चल रहा है। ऐसे में जब उच्चाधिकारियों ने रिपोर्ट मांगी तो उन्होंने यह लिखकर दिया कि चरित्र प्रमाण पत्र जारी करने की संस्तुति नहीं दी जा सकती है। प्रमाण पत्र के एक कॉलम में लिखा है कि इनका अतिक्रमण का वाद चल रहा है।

अभियान के तहत 505 किलो पन्नी जब्तकर ठोंका 53400 जुमार्ना, नगर पालिका की संयुक्त टीम ने चलाया अभियान

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। नगर पालिका परिषद के अधिकारियों/कर्मचारियों ने प्लास्टिक अभियान के तहत 505 किग्रा प्लास्टिक थैलियां जब्त कर 53400 रुपये का जुमार्ना ठोंका है।

सोमवार को ईओ नगर पालिका लालजी यादव के निर्देश पर पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड मिनिस्ट्री भारत सरकार से आरके मिश्रा, रामदास एवं राजकरण वर्मा वैज्ञानिक सहायक पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड राज स्तर व नगर पालिका कर्वी से राहुल पांडे कर निरीक्षक व जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन शिवा कुमार की संयुक्त टीम ने सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रति अभियान चलाया। अभियान में 505 किलो प्लास्टिक, थमाकौल, डिस्पोजल गिलास आदि जब्त किये। लोगों से 53400 रुपए जुमार्ना वसूला। लोगों को जागरूक कर कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें, न किसी को करने दें।

नगर पालिका अधिकारी/कर्मचरियों ने क्षेत्र की दुकानों में जाकर सिंगल यूजर प्लास्टिक निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री और उपयोग पूरी प्रतिबंधित है। लोगों को समझाया कि दुकानों पर इसकी बिक्री न करें। इसमें भारी जुमार्ना है। टीम में सफाई एवं खाद्य निरक्षक कमलाकांत शुक्ला, जिला समन्वय शिवा कुमार, राहुल पांडे, सुभाष बाबू, दीपक, इलियास, रवि ज्ञानेंद्र, लवकुश प्रसाद, सुमित गुप्ता, रोहित स्वच्छ भारत मिशन की पूरी टीम मौजूद रही।

वारंटी को पुलिस ने दबोचा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर वारंटी/वांछित की गिरफ्तारी को जारी अभियान में थानाध्यक्ष सरधुवा प्रवीण सिंह की टीम ने वारंटी सत्यनारायण पुत्र शम्भूदयाल निवासी नहरा को गिरफ्तार किया है। टीम में थानाध्यक्ष सरधुवा प्रवीण सिंह, सिपाही अमित सिंह शामिल रहे।

राकेश टिकैत बोले, दिल्ली में पहलवानों की रिहाई तक गाजीपुर बॉर्डर से नहीं हटेंगे

गाजियाबाद। गाजियाबाद-दिल्ली बार्डर पर महापंचायत में जा रहे किसानों की पुलिस से झड़प हो गई। किसान दिल्ली में जंतर मंतर पर बैठे पहलवानों के समर्थन में पंचायत में शामिल होने जा रहे थे। किसानों को पुलिस ने रोक लिया, जिससे नाराज किसान धरने पर बैठ गए और हंगामा करने लगे। पुलिस ने किसी तरह से स्थिति को संभाला। उधर, बार्डर पर पहुंचे भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने कहा, जब तक दिल्ली में गिरफ्तार पहलवान रिहा नहीं किए जाते, तब तक किसान गाजीपुर बॉर्डर से नहीं उठेंगे।

राकेश टिकैत ने कहा, हमें जगह-जगह रास्ते में रोकने की कोशिश हुई। पुलिस और सरकार हिटलर शाही का काम कर रही है।

नेपाल में हत्याकांड में सजायाफ्ता थारू नेता रेशम चौधरी छह साल बाद रिहा

काठमांडू। नेपाल में 2015 में हुई हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए थारू नेता रेशम चौधरी को रिहा कर दिया गया। उन्हें राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल से क्षमादान मिलने के बाद सोमवार को नेपाल के गणतंत्र दिवस पर रिहा किया गया। चौधरी काठमांडू की जेल में बंद थे। छह साल जेल में रहने के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। चौधरी को 2015 में पश्चिमी नेपाल के थारू बहुल कैलाली जिले के टिकापुर में सात सुरक्षाकर्मियों और एक नाबालिग की हत्या के केस में दोषी ठहराया गया था। अदालत ने उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

रेशम चौधरी सिविल लिबरेशन पार्टी के संरक्षक हैं। उनकी पार्टी प्रचंड सरकार की करीबी है। सिविल लिबरेशन पार्टी के चार सांसद हैं। यही वजह है कि प्रचंड सरकार ने उन्हें रिहा करने की पहल की।

तुर्किए के राष्ट्रपति चुनाव में एर्दोगन ने मारी बाजी, लगातार 11वीं बार जीते चुनाव

अंकारा। इस्लामिक मुल्क तुर्किये (तुर्की) में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर आज हुए दूसरे चरण की वोटिंग में एक बार फिर रेसेप तैयप एर्दोगन ने जीत दर्ज की है। इसी के साथ एर्दोगन लगातार 11वीं बार चुनाव जीते हैं। पिछले 20 साल से तुर्किये की सत्ता पर काबिज रेसेप तैयप एर्दोगन को इस चुनाव में 52.10 प्रतिशत मत मिले हैं

जबकि इनके निकटतम प्रतिद्वंदी कमाल केलिकदारोग्लू 47.90 प्रतिशत वोट मिला। हालांकि अभी तक 99.45 प्रतिशत वोटों की ही गिनती हुई है। ऐसे में आखिरी आंकड़े में परिवर्तन हो सकता है। इससे पहले, तुर्किए में हुए पहले चरण के राष्ट्रपति चुनाव में एर्दोगन को 49.5 फीसदी वोट मिले थे जबकि कमाल केलिकदारोग्लू को 43.5 फीसदी वोट ही मिल सके थे। कतरे के तमीम बिन अहमद ने एर्दोगन की जीत पर ट्वीट कर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि जीत के लिए बधाई। नए कार्यकाल के सफलता की कामना।

नवाज शरीफ पर हमले से जुड़ा ट्वीट पीएमएल-एन कार्यकर्ता ने किया डिलीट

लंदन। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ पर लंदन में उनकी कार पर हमला किए जाने की खबर है। इस हमले में शरीफ बाल-बाल बच गए। हालांकि पूर्व प्रधानमंत्री शरीफ के परिजनों ने कहा कि कोई हमला नहीं हुआ है। नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन के कार्यकर्ता खुर्रम बट ने ट्वीटर पर लिखा कि पीटीआई के कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के वाहन पर हमला किया। नवाज शरीफ ठीक हैं और उन्हें कोई चोट नहीं आई है। हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि बाद में खुर्रम बट ने अपना ट्वीट डिलीट कर दिया है। वहीं, मीडिया रिपोर्टों में शरीफ परिवार के एक सूत्र के हवाले से कहा गया है कि पूर्व प्रधानमंत्री शरीफ पर कोई हमला नहीं हुआ। नवाज शरीफ सामाजिक संगठन ब्लैक लाइव्स मैटर और पुलिस के बीच झड़प के समय संयोग से वहीं थे। पास में ही शरीफ का वाहन खड़ा था। कहीं से फेंकी गई कॉफी उस वाहन पर गिरी। इसका मकसद नवाज शरीफ को निशाना बनाना नहीं था।

भारत के बाहर बांग्लादेश में हैं सर्वाधिक शक्ति पीठ

ढाका। आदि शक्ति माता दुर्गा के भारत सहित विभिन्न पड़ोसी देशों में कुल 52 शक्ति पीठ हैं। हालांकि देवी पुराण में 51 शक्तिपीठों का वर्णन है लेकिन तन्त्र चूड़ामणि में 52 शक्ति पीठ बताए गए हैं। इनमें 42 शक्ति पीठ भारत में और पांच पड़ोसी देशों में दस शक्ति पीठ हैं, जिनमें सर्वाधिक पांच शक्ति पीठ बांग्लादेश में बताए जाते हैं। सुगंधा शक्ति पीठ बांग्लादेश की राजधानी ढाका से करीब 150 किलोमीटर दूर है। यह शक्ति पीठ शिकारपुर नगर पालिका क्षेत्र में सुगंधा नदी के किनारे स्थित है। पौराणिक ग्रंथों के अनुसार यहां माता की नासिका गिरी थी। इसीलिए इसे नासिका पीठ भी कहा जाता है। इस देवी की शक्ति सुनंदा है और इनके भैरव को त्र्यंबक कहा जाता है। यह मंदिर उग्रतारा के नाम से भी विख्यात है। यह पत्थर का बना हुआ बहुत ही प्राचीन मंदिर है। उग्रतारा सुगंधा देवी के पास तलवार, खेकड़ा, नीलपाद, और नरमुंड की माला है। कार्तिक, ब्रह्मा, विष्णु, शिव, गणेश उनके ऊपर स्थापित हैं।

यशोरेश्वरी शक्ति पीठ

यशोरेश्वरी शक्ति पीठ बांग्लादेश की राजधानी ढाका से करीब 350 किलोमीटर दूर है। यह शक्ति पीठ खुलना जिला के ईश्वरीपुर के यशोर स्थान पर स्थित है। मान्यता है कि यहां माता

सती की हथेलियां गिरी थीं। माता की शक्ति को यशोरेश्वरी और भैरव को चण्ड कहते हैं। बताया जाता है कि कभी यह मंदिर बहुत भव्य हुआ करता था। यहां 100 से अधिक दरवाजे थे, लेकिन मुगलों ने इसे खंडित कर दिया। इसके बाद लक्ष्मण सेन और प्रपाद आदित्य ने इसका जीर्णोद्धार करवाया। इसके बाद स्थानीय हिंदू और मुस्लिम मिलकर इस मंदिर की रक्षा करते हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी यहां पूजा-अर्चना करने आए थे।

श्री शैल महालक्ष्मी शक्ति पीठ -श्री शैल महालक्ष्मी शक्ति पीठ बांग्लादेश की राजधानी ढाका से करीब 260 किलोमीटर दूर है। यह शक्ति पीठ सिलहट जिले जैनपुर गांव में स्थित है। मान्यता है कि यहां माता सती का गला (ग्रीवा) गिरा था। इस देवी की शक्ति है महालक्ष्मी और भैरव को शम्बरानंद कहते हैं।

अपर्णा शक्ति पीठ बांग्लादेश की राजधानी ढाका से करीब 176 किलोमीटर दूर है। यह शक्ति पीठ बागुरा जिले के भवानीपुर गांव में स्थित है। मान्यता है कि करतोया तट के पास स्थित इस स्थल पर माता की पायल गिरी थी। इसकी शक्ति है अर्पण और भैरव को वामन कहते हैं। अपर्णा का अर्थ है, जो भगवान शिव को अर्पित है। यहां प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा, रामनवमी और दशहरे के अवसर पर विशाल मेला लगता है।

पुतिन से मुलाकात के तुरंत बाद बेलारूस के राष्ट्रपति अस्पताल में भर्ती, जहर देने की आशंका

वाशिंगटन। बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकाशेंकों को मॉस्को के एक अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती कराया गया है। लुकाशेंको रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करने मॉस्को पहुंचे थे लेकिन पुतिन से मुलाकात के तुरंत बाद ही उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जहर देने की आशंका

बेलारूस में विपक्ष के नेता वालेरी सेपकालो ने बताया कि लुकाशेंकों को तबीयत खराब होने के बाद मॉस्को के सेंट्रल क्लीनिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि लुकाशेंको और पुतिन के बीच बंद कमरे में बातचीत हुई थी, जिसके बाद लुकाशेंको की तबीयत बिगड़ गई। सेपकालो ने बताया कि रूस के शीर्ष डॉक्टर लुकाशेंको का इलाज कर रहे हैं लेकिन उनकी हालत गंभीर बनी

हुई है। सेपकालो ने जानकारी दी कि लुकाशेंको के खून को साफ करने की प्रक्रिया चल रही है। बता दें कि आमतौर पर शरीर में जहर पहुंचने के बाद खून को साफ करने की प्रक्रिया की जाती है। यही वजह है कि लुकाशेंको को जहर देने की चर्चाएं चल रही हैं। हालांकि अभी आधिकारिक तौर पर इस बारे में कुछ नहीं कहा गया है।

पुतिन के करीबी हैं लुकाशेंको

बेलारूस के राष्ट्रपति लुकाशेंको को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का बेहद करीबी माना जाता है। इससे पहले रूस के विक्ट्री डे परेड में भी लुकाशेंको शामिल हुए थे। हालांकि वह परेड खत्म होते ही अपने देश रवाना हो गए थे। लुकाशेंको की तबीयत भी बीते काफी समय से खराब चल रही है। हालांकि लुकाशेंको ने दावा किया था कि सब ठीक है और वह जल्द ही इससे उबर जाएंगे।

परमाणु हथियारों को लेकर दिया था बयान

लुकाशेंको ने रविवार को ही रूस के एक मीडिया चैनल के साथ इंटरव्यू में कहा था कि जो देश यूनियन स्टेट बेलारूस और रूस के साथ आते हैं तो उन्हें परमाणु हथियार दिए जाएंगे। इससे पहले गुरुवार को ही लुकाशेंको ने ये भी दावा किया था कि रूस से उसे कुछ रणनीतिक रूप से अहम परमाणु हथियारों का ट्रांसफर शुरू हो गया है। इस संबंध में दोनों देशों में एक समझौता भी हुआ है।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में युवती को जिंदा जलाया

झंग। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक युवती को जिंदा जलाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह मामला झूठी शान की खातिर हत्या (ऑनर किलिंग) का है। पुलिस ने बताया कि यह घटना लाहौर से लगभग 200 किलोमीटर दूर झंग जिले के गढ़ महाराजा में हुई। जांच अधिकारी मोहम्मद आजम ने बताया कि रजाब अली ने अपने बेटों जब्बार और आमिर तथा परिवार के कुछ अन्य सदस्यों के साथ मिलकर 26 मई को अपनी 20 वर्षीय बेटी को घर में आग लगाने से पहले बुरी तरह प्रताड़ित किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि युवती अपनी पसंद के व्यक्ति से शादी करना चाहती थी।

उन्होंने कहा, ''एक दिन पहले, वह घर से चली गई थीं और ऐसा बताया जाता है कि लौटने से पहले उस व्यक्ति के साथ कुछ समय बिताया था।'' आजम ने बताया कि उसके लौटने पर उसके पिता, दो भाइयों और परिवार की कुछ महिलाओं ने उसे रस्सी से बांध दिया और आग लगाने से पहले युवती को बुरी तरह से प्रताड़ित किया। उन्होंने बताया कि पीड़िता को अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा, ''मरने से पहले उसने पुलिस को आग लगाने वालों के बारे में बताया था।'' उन्होंने बताया कि पुलिस ने पीड़िता के पिता, दो भाइयों और एक बहन को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने कहा कि गिरफ्तार किये गये आरोपियों को अपने इस कृत्य पर कोई पछतावा नहीं है और उनका कहना है कि लड़की ने परिवार के सम्मान को ठेस पहुंचाई है।

सबकुछ लुटाकर भी चुनाव कराने पर अड़े इमरान खान, सरकार से की मार्मिक अपील

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ पार्टी के प्रमुख इमरान खान इन दिनों मुश्किलों में फंसे हुए हैं लेकिन इसके बावजूद वह चुनाव कराने की मांग पर अड़े हैं। इमरान खान ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जब सरकार उनकी पार्टी तोड़ ले, उसके बाद तो चुनाव की तारीखों का एलान करे।

पीटीआई खत्म होने के कगार पर

बता दें कि हाल के दिनों में कई नेता पीटीआई छोड़ चुके हैं। इनमें पार्टी के कई बड़े नाम जैसे शिरीन माजरी, फवाद चौधरी, इमरान इस्माइल, आमिर महमूद कियानी, अली जैदी, मालीका बुखारी, नादिया अजीज, तारिक महमूद अल हसन, मलिक खुर्रम अली खान और जमशेद थॉमस आदि शामिल हैं। दरअसल इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद बीती 9 मई को भड़की हिंसा मामले में अब गिरफ्तारियां हो रही हैं। साथ

ही पाकिस्तानी आर्मी गिरफ्तार लोगों के खिलाफ आर्मी एक्ट के तहत कार्रवाई करने की तैयारी कर चुकी है। आर्मी एक्ट के तहत दोषी पाए जाने पर उम्रकैद से लेकर फांसी तक की सजा का प्रावधान है। यही वजह है कि डरकर कई नेता इमरान का साथ छोड़ रहे हैं और पार्टी खत्म होने के कगार पर पहुंच गई है।

इमरान खान ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि 'जिन लोगों को हिंसा के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, उनमें से जो दोषी हैं उन्हें जेल में रखे लेकिन बाकियों को तो रिहा कर दें क्योंकि अधिकतर लोग हिंसा में शामिल नहीं थे। सत्ताधारी लोग राजनीति और लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं। इमरान ने कहा कि अर्थव्यवस्था लगातार गिर रही है इसलिए अपने आप को समय दें और दो या तीन हफ्ते का समय लें लेकिन जब आप पीटीआई से इतने लोगों को तोड़ दें कि पार्टी चुनाव लड़ने लायक ना रहे तो उसके बाद तो चुनाव का एलान कर दें।'

पुलिसकर्मियों पर कोर्ट की अवमानना का आरोप

इमरान खान ने ये आरोप लगाया कि कोर्ट ने आदेश दिया है कि पाकिस्तानी पत्रकार इमरान रियाज को कोर्ट के सामने पेश किया जाए लेकिन इसके बावजूद इमरान रियाज को पेश नहीं किया गया है। ऐसे में आदेश नहीं मानने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कोर्ट की अवमानना का केस चलाना चाहिए। बता दें कि इमरान रियाज को इमरान खान का समर्थक माना जाता है और वह बीते कई दिनों से लापता हैं। इमरान खा ने सुप्रीम कोर्ट से एक कमेटी बनाकर 9 मई को भड़की हिंसा की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। इमरान का आरोप है कि 9 मई को भड़की हिंसा उनके और उनकी पार्टी के खिलाफ एक सोची समझी साजिश थी।

जापान में चार व्यक्तियों की हत्या कर इमारत में छुपा संदिग्ध पकड़ा गया

टोक्यो। जापान पुलिस ने चार लोगों की हत्या कर पास की इमारत में छुपे एक संदिग्ध आरोपित को सुबह करीब साढ़े चार बजे गिरफ्तार कर लिया। यह वारदात नागानो शहर में कल हुई थी। हत्यारे ने फायरिंग कर और धारदार हथियार से हमला कर दो पुलिस अधिकारियों सहित चार लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। नागानो के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध हमलावर से बंदूक और चाकू बरामद हो गया है। वह पास की एक इमारत में छुपा हुआ था। मृतकों में एक बुजुर्ग महिला और दो पुलिस अधिकारी 46 वर्षीय योशिकी तमाई और 61 वर्षीय ताकुओ इकेची भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि जापान में हत्या की वारदात कम ही होती हैं। जापान में दुनिया के सबसे कठोर कानून है। हालांकि इससे पहले पिछले साल जुलाई में पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

पीटीआई की महिला समर्थकों के साथ जेल में यौन शोषण!: आरोपों को लेकर घबराए गृहमंत्री ने की कॉन्फ्रेंस, इमरान ने घेरा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में लगातार बवाल मचा हुआ है। इस बीच, जेल में बंद पीटीआई की महिला समर्थकों के साथ यौन विपक्ष और मानवाधिकार समूहों के निशाने पर आ गई है।

सरकार और विपक्ष में हंगामा

रिपोर्ट के बाद, पीटीआई

प्रमुख और शरीफ सरकार के बीच जंग छिड़ गई है। पीटीआई का कहना है कि उसके करीब दस हजार समर्थक जेल में बंद हैं। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हैं। इन लोगों को भीड़भाड़ वाली जेलों में सी-श्रेणी के कैदियों के रूप में रखा गया है। पीटीआई ने कहा कि इन समर्थकों ने ऐसी कोई गलती नहीं की है, जिसकी वजह से उन्हें सी-श्रेणी के कैदियों के रूप में रखा जाए। ये लोग चिलचिलाती गर्मी में बंद हैं।

राणा सनाउल्लाह ने किया सरकार का बचाव

पीटीआई के बयान के बाद पाकिस्तान के लोगों में गुस्सा बढ़ता जा रहा है। सोशल मीडिया पर लगातार लोग शरीफ की सरकार को घेर रहे हैं। ऐसे में, गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पीटीआई पर निशाना साधा। उन्होंने इमरान पर गलत जानकारी फैलाने और एक बड़ी योजना बनाने आरोप लगाया। सनाउल्लाह ने कहा कि खुफिया एजेंसियों ने हाल ही में एक बातचीत का पता लगाया था, जिससे संकेत मिला कि पीटीआई दो दुष्कर्म की योजना बना रही थी। बाद में इसका आरोप सुरक्षा बलों के सिर मढ़ने वाली थी। हालांकि, गृह मंत्री ने अपने बयान में कोई सबूत नहीं दिया।

आरोपों को नकारा

वहीं, गृह मंत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को पीटीआई प्रमुख इमरान ने झूठा बताया। उन्होंने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि राणा की कॉन्फ्रेंस ने सबकुछ साफ कर दिया है। बाद में, इमरान ने जेल से आने वाली डरावनी कहानियों के बारे में भी बताया। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाए कि जेल में उनके समर्थकों के साथ भयावह व्यवहार किया जा रहा है।

इमरान का पलटवार

इमरान ने एक ट्वीट करके कहा कि अगर जेल में बंद महिलाओं के साथ गलत व्यवहार करने को लेकर कोई भी संदेह था, तो राणा की इस प्रेस कॉन्फ्रेंस से दूर हो जाने चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि करीब सौ पीटीआई समर्थकों को जेल से रिहा किया। लेकिन उनके सामने दो शर्त रखी गई की वह पार्टी और राजनीति से दूरी बना लें या इमरान की गिरफ्तारी पर देशव्यापी विरोध के दौरान सार्वजनिक रूप से सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों की निंदा करें।

इस्लामाबाद पुलिस अलर्ट

गृह मंत्री की टिप्पणियों के बाद, इस्लामाबाद पुलिस ने अधिकारियों को लक्षित करने की योजना से बचने के लिए पुलिस थानों, कार्यालयों और जेलों में कैमरों को ठीक से काम करने के लिए अलर्ट भेजा है। पुलिस का कहना है कि उन्हें पता लगा है कि संस्थानों को बदनाम करने के लिए एक सुनियोजित अभियान शुरू किया गया था। पुलिस ने आगे कहा कि सभी महिलाएं सम्मानित हैं, लेकिन इस अभियान में कुछ का गलत इस्तेमाल किया जा सकता है।

पोलैंड की सीमा पर बच्चों के साथ फंसे प्रवासी, कई बीमारी से पीड़ित, बोले- हम बेलारूस में सुरक्षित नहीं

वारसा। बेलारूस से लगती पोलैंड की सीमा पर प्रवासियों का जमावड़ा लगा हुआ है। बेलारूस से आए लोग छोटे बच्चों सहित पोलैंड में शरण चाहते हैं। पोलिश मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने रविवार को जानकारी दी कि करीब 30 प्रवासियों का एक समूह तीन दिनों से बेलारूस से लगी पोलैंड की सीमा पर फंसा हुआ है।

मानवाधिकार कार्यकर्ता मार्ता स्टैनिस्जुस्का ने बताया कि सभी प्रवासी पौलेंड में शरण चाहते हैं और बेलारूस उन्हें वापस जाने की अनुमति नहीं दे रहा। बेलारूस में, वे सुरक्षित नहीं हैं। आगे बताया कि बेलारूस लौटने के नाम पर उनको धमकी दी जाती है कि अगर वापस लौटे तो उन्हें पीटा जाएगा या उन्हें मार डाला जाएगा।

प्रवासियों का कहना है कि उनमें से कई बीमार हैं, एक लड़की के दांत में दर्द है और बच्चों को मच्छरों ने काट लिया है जिस वजह से उनकी तबियत ठीक नहीं है। पोलैंड के लोकपाल के कार्यालय के एक प्रतिनिधि ने समूह का दौरा किया और उससे बात की, लेकिन बाद में संवाददाताओं से कहा कि देश में उन्हें अनुमति देने का निर्णय पोलिश बॉर्डर

गार्ड का है। पिछले साल, पोलैंड ने एशिया और अफ्रीका के हजारों प्रवासियों को बेलारूस से देश में प्रवेश करने से रोकने के लिए लगभग 190 किलोमीटर (117 मील) लंबी दीवार खड़ी की थी। यूरोपीय संघ ने सत्तावादी बेलारूसी राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको पर यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों के प्रतिशोध में अवैध सीमा पार करने में सहायता करने का आरोप लगाया है। हालांकि लुकाशेंको यूरोप में प्रवासन को प्रोत्साहित करने से इनकार करते हैं। पोलैंड के सबसे शक्तिशाली राजनेता, पोलैंड की दक्षिणपंथी सत्तारूढ़ पार्टी के प्रमुख, जारोस्लाव काकजेंस्की ने हाल ही में कहा था कि दीवार का निर्माण एक अच्छा निर्णय था। उन्होंने कहा कि यह बेलारूस और रूस के शत्रुतापूर्ण कदमों के खिलाफ पोलैंड और यूरोपीय संघ की रक्षा कर रहा है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।